हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, सोमवार, 22 अप्रैल 2024

12 रविवार को खरीद रही बंद, आवक हुई तेज



12 शत प्रतिशत मतदान को लेकर चलाएगा अभियान



## खबर संक्षेप

### जान से मारने की धमकी देने के दो आरोपी गिरफ्तार

**डबवाली।** सदर थाना डबवाली पुलिस ने मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के एक मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारी प्रताप सिंह ने बताया कि बीती 17 जनवरी 2024 को गुरजीत सिंह निवासी गांव मौजगढ़ के बयान पर उसके पिता, स्वयं व उसके भाई के साथ कुछ लोगों द्वारा मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने पर मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

### उदघोषित अपराधी की पहचान महेंद्रपाल के रूप में हुई

**डबवाली।** सीआईए डबवाली पुलिस ने एक उदघोषित अपराधी को काबू किया है। सीआईए प्रभारी राजपाल ने बताया कि पकड़े गए पी.ओ. की पहचान महेंद्रपाल निवासी घुकांवाली के रूप में हुई है। आरोपी महेंद्रपाल अदालत से पी.ओ. घोषित था और उसके खिलाफ थाना शहर डबवाली में मामला दर्ज है। उन्होंने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा।

### शस्त्र अधिनियम में एक गिरफ्तार

**डबवाली।** थाना सदर डबवाली पुलिस ने अवैध पिस्तोल व एक जिंदा कारतूस सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। अपराध शाखा डबवाली के प्रभारी विरेंद्र सिंह ने बताया कि मुख्य सिपाही पालाराम के नेतृत्व में एक पुलिस टीम नियमित गश्त पर गांव चौटाला की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पुलिस को एक युवक गांव अबूबशहर की ओर से आता नजर आया। पुलिस टीम ने उक्त युवक को शक के आधार पर रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक अवैध पिस्तोल व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

### बैंक सिक्योरिटी गार्ड से बंदूक छीनकर हुए फरार

**सिरसा।** जिला के गांव पन्नीवाला रूलदू के समीप बीती देर शाम मोटरसाइकिल सवार दो युवक प्राइवेट बैंक के एक सिक्योरिटी गार्ड से उसकी बंदूक छीनकर फरार हो गए। पुलिस को दी शिकायत में गार्ड राजपाल सिंह पुत्र दर्शन सिंह निवासी पन्नीवाला रूलदू ने बताया कि वह डबवाली में आईडीबीआई बैंक में बतौर सिक्योरिटी गार्ड काम करता है। बीती शाम वह डॅयूटी खत्म करने के बाद बाइक पर सवार होकर अपने गांव पन्नीवालारूलदू जा रहा था।

### मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार

**डबवाली।** चौटाला पुलिस चौकी ने मारपीट करने के मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयोग किए गए डंडे व लाठी बरामद किए गए हैं। चौटाला पुलिस चौकी प्रभारी जयबीर ने बताया कि 28 फरवरी 2024 को गिंदड़खेड़ा निवासी रणजीत सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई की उसके साथ कुछ लोगों ने मारपीट की है।

## गेहूं कटाई के बाद और होगा इजाफा

# गर्मी के प्रचंड तेवर, अप्रैल में बिजली की मांग दो करोड़ युनिट बढ़ी

### इन दिनों निगम के पास फ्रिक्वेंसी का लेवल 50.12 तक पहुंचा

सुरेन्द्र असीजा ▸▸| फतेहाबाद

पिछले कई दिनों से लगातार बढ़ रहे तापमान से जिले में बिजली की मांग बढ़ने लगी है। इन दिनों निगम के पास फ्रिक्वेंसी का लेवल 50.12 तक पहुंच गया है, जोकि 48 के नीचे आते ही बिजली के कट लगने शुरू हो जाएंगे। यहां पर पानीपत थर्मल से वाया नरवाना बिजली की आपूर्ति होती है। तापमान में जब बिजली की डिमांड बढ़ती है तो इसका सीधा असर लाइन पर पड़ता है। लाइन पर बोझ पड़ते ही फ्रिक्वेंसी का स्तर डाऊन आ जाता है। इन दिनों अप्रैल महीने की बात करे तो फरवरी से करीब 2 करोड़ यूनिट ज्यादा की मांग चल रही है। बता दें कि अभी गेहूं कटाई के सीजन के कारण गांवों में बिजली सप्लाई दिन के समय बंद रहती है। ऐसे में आगे धान का सीजन आने पर बिजली की कितनी मांग बढ़ेगी, यह सोचकर अभी से बिजली निगम के अधिकारियों की चिंता बढ़ गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरवरी मास में प्रतिदिन 29 लाख से 40 लाख यूनिट प्रतिदिन की डिमांड थी जोकि मार्च में बढ़कर 35 लाख से 52 लाख तक यूनिट प्रतिदिन तक पहुंच गई। अप्रैल में गेहूं का सीजन आया तो दक्षिण हरियाणा बिजली विद्युत निगम ने गांवों में 12 घंटे बिजली कटौती शुरू कर दी ताकि गेहूं की फसल को कोई नुकसान न पहुंचे। इस सबके चलते भी अप्रैल में कटौती के बावजूद 40 लाख यूनिट प्रतिदिन की डिमांड आ रही है। बता दें कि जिला में करीब 1 लाख 10 हजार हैक्टेयर भूमि पर धान की खेती होती है। धान की बिजाई 25 जून से शुरू होनी है। धान की फसल में पानी की अधिक आवश्यकता होती है और नहरों में पानी की कमी के चलते किसान ट्यूब्वैलों पर ज्यादा निर्भर रहते हैं। ऐसे में बिजली की मांग बढ़ेगी और बिजली के कट लगेंगे। इस बार तापमान अप्रैल में ही बढ़ने से निगम के अधिकारियों को चिंता सताने लगी है कि जून में इसकी भरपाई कैसे होगी। मानसून आने में अभी दो माह से अधिक का समय पड़ा है, अभी से बिजली की मांग बढ़ने से निगम को व्यवस्था बनाए रखना एक टेढी खीर साबित हो सकता है। बिजली निगम के फतेहाबाद सर्कल में फतेहाबाद, टोहाना, रतिया, भूना, भट्टू, जाखल पड़ते हैं। इन क्षेत्रों में फतेहाबाद, टोहाना व रतिया में धान की खेती अधिक होती है। यहां पर फरवरी मास में 10 करोड़ 48 लाख यूनिट बिजली की खपत हुई जोकि मार्च में बढ़कर 12 करोड़ 85 लाख यूनिट तक पहुंच गई। अप्रैल में अब तक यह खपत 5 करोड़ 94 लाख यूनिट हो चुकी है। कटौती के बावजूद बिजली की डिमांड लगातार बढ़ रही है। जून में धान के सीजन के बाद डिमांड कितनी बढ़ेगी, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।




**फतेहाबाद।** भट्टू रोड पर स्थित 132 केवी सब स्टेशन।

#### क्षमता बढ़ाने का प्लान समय-समय पर बनाया जाता है

लोड बढ़ने के साथ पीछे से लाइट की सप्लाई बढ़ा दी जाती है। 33 केवी पर जितनी क्षमता होती है, उससे कम की सप्लाई दी जाती है ताकि कोई नुकसान न हो। 132 केवी की क्षमता बढ़ाने का प्लान समय-समय पर बनाया जाता है। निगम के मुख्यालय से आदेशों के बाद यह काम निरंतर चलता रहता है।

-संदीप मेहता, कार्यकारी अभियंता
दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम, फतेहाबाद

#### उपभोक्ता इन नंबरों पर दर्ज करवा सकते हैं शिकायत

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम फतेहाबाद के कार्यकारी अभियंता संदीप मेहता ने कहा कि किसी भी प्रकार की बिजली से सम्बंधित शिकायत होने पर दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के टोल फ्री नंबर 1912, 1800 180 4334 पर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है। इसके अलावा फतेहाबाद शहर से सम्बंधित शिकायत मोबाइल नंबर 9812201249 या 9812201247 पर दर्ज करवाई जा सकता है।



# आग लगने से 20 लाख की गेहूं की फसल जलकर स्वाह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जाखल

जाखल में रेलवे लाइन के पास खेतों में आग लगने से करीब 35 एकड़ गेहूं की फसल व भूसा जलकर राख हो गया। आग लगने की सूचना मिलते ही किसानों में हडकंप मच गया और उन्होंने इस बारे दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही जाखल, टोहाना व धारसूल से फायर बिग्रेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। बताया गया है कि आगजनी की इस घटना में 3 किसानों की 35 एकड़ फसल व दो किसानों का भूसा जलकर राख हो गया। इस घटना में करीब 20 लाख का नुकसान होने का अंदेशा है।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार शाम करीब साढ़े 4 बजे किसान अपने खेतों में फसल निकालने का काम कर रहे थे। देखते ही देखते 12 दरिया पुल के पास जीत सिंह, अजैब सिंह व अनूप सिंह के खेतों में गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई। गेहूं सूखी होने के कारण आग तेजी से फैलने लगी तो किसानों में हड़कंप मच गया और उन्होंने दमकल विभाग को सूचित किया। करीब एक घंटे में जाखल, धारसूल व टोहाना से पहुंची दमकल गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

## गांव बणी में हुए झगड़े में युवक की मौत

**सिरसा।** जिला के गांव बणी में शराब पीकर झगड़ा करने के दौरान एक 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान ओमप्रकाश पुत्र जगसीर सिंह के रूप में हुई है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और आगामी कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव बणी निवासी ओमप्रकाश उर्फ ओमी शराब का आदी था। बीते शनिवार की रात को शराब के नशे में धुत होकर परिवार से झगड़ा किया। इसी दौरान मृतक ओमी का मामा गुरदेव पुत्र अर्जुन सिंह निवासी मोहनगढ़ राजस्थान व बहनोई लब्बू पुत्र गुरचरण निवासी बीकानेर वहां मौजूद थे। उनकी किसी बात को लेकर ओमी के साथ कहासुनी हो गई। मामा गुरदेव की लात ओमी को लगी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। करीवाला चौकी प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि परिजनों द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# गोसेवा आयोग के चैयरमैन ने किया श्री कृष्ण गोशाला का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रतिया

गौ सेवा आयोग के चैयरमैन श्रवण गर्ग व अनुसूचित जाति के चेयरमैन पूर्व विधायक प्रो.रविंद्र बलियाला ने रविवार को श्री कृष्ण गौशाला व शिव भोले नंदीशाला रतिया का निरीक्षण किया। श्री कृष्ण गौशाला प्रांगण में पहुंचने पर प्रधान कृष्ण जिंन्दल व श्री कृष्ण गौशाला कमेटी द्वारा उनका स्वागत किया गया। गौ सेवा आयोग के चैयरमैन श्रवण गर्ग ने श्रीकृष्ण गौशाला कमेटी को सरकार द्वारा चल रही गौशाला के प्रति नई स्कीमों के बारे में विस्तार से बताया व उन्हें इस बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कमेटी को आश्वासन देते हुए कहा कि कमेटी को गौ माता की सेवा के लिए किसी भी प्रकार की अगर मदद की आवश्यकता है तो वह आयोग से सीधा संपर्क कर सकते हैं। इसके लिए वह हर पल हाजिर रहेंगे और हर संभव मदद करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने श्री कृष्ण गौशाला कमेटी की प्रशंशा करते हुए कहा कि कमेटी द्वारा बहुत ही अच्छे व सुचारू ढंग से गौ माता की सेवा की जा रही है, जिसके लिए पूरी कमेटी बधाई की पात्र हैं।



**रतिया।** श्रीकृष्ण गौशाला का निरीक्षण करते गौ सेवा आयोग के चेयरमैन।

# 30 करोड़ से बनेगी जिला मुख्यालय को जोड़ने वाली सड़क

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जाखल

बीते वर्ष जुलाई माह में घग्घर नदी ने अपना रौद्र रूप दिखाया था। बाढ़ ने क्षेत्र में खूब तबाही मचाई थी। इस दौरान जाखल क्षेत्र को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाली सड़क जाखल-कुलां-भुना मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। इसके बाद प्रशासन ने उसके लिए अस्थायी तौर से चलाने के लिए मिट्टी डालकर इसका आवगमन तो चला दिया, परंतु सही दिशा में रोड नही बन पाया। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की माने तो इसे लेकर टेंडर भी जारी हो चुका है परंतु इसका काम चुनाव आचार सहिंता के हटने के बाद शुरू करवाया जाएगा। इस मार्ग के बनने से खंड के 30 से अधिक गांवो को इसका लाभ मिलेगा। विभाग द्वारा इस मार्ग को बनाने के लिए करीबन 30 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी।



**जाखल।** जिला मुख्यालय को जोड़ने वाली कुलां-भुना मार्ग की टूटी सड़क।

### 50 किलोमीटर लंबी सड़क का होगा निर्माण

विभाग द्वारा इस सड़क का निर्माण कार्य जाखल रेलवे ओवरब्रिज से शुरू कर कुलां-भुना होते हुए भुना खंड के गांव नहला, पाबड़ा तक करीबन 50 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा। विभाग इस सड़क को 23 फुट चौड़ाई के साथ तैयार करेगा।

### रात के समय बना रहा है हादसा होने का डर

क्षेत्र में बीते वर्ष जुलाई माह में बाढ़ आई थी। घग्घर नदी में अपनी क्षमता से 'यादा पानी आने के कारण क्षेत्र में बाढ़ आई थी, जिससे जिला मुख्यालय को जाने वाली सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थीं। जिसे अब विभाग द्वारा इसकी सुध लेकर इसे फिर से पुनः निर्माण करवाया जाएगा। जाखल से लेकर कुलां तक मात्र 18 किलोमीटर के इस मार्ग में आधा दर्जन से 'यादा जगह पर यह सड़क टूटी हुई है। तेज गति से आ रहे वाहन चालकों का यहां पर आए दिन नुकसान हो रहा है। जाखल से कुलां तक इस मार्ग पर बने कट इतने भयंकर हो चुके है कि रात के समय में किसी भी तरह का नुकसान हो सकता है।

#### क्या कहते है लोक निर्माण विभाग के जेई

बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुई सड़क का निर्माण कार्य चुनाव आचार संहिता हटने के बाद शुरू करवा दिया जाएगा। इस सड़क का टेंडर लग चुका है। इस सड़क को बनाने के लिए करीबन 30 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इस सड़क का निर्माण होने से राहगीरों को परेशानी का सामना नही करना पड़ेगा।

-अंकुर गर्ग, जेई लोक निर्माण विभाग टोहाना

# कोर्ट काम्पलैक्स में चाकू लेकर घुसा युवक, पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

कोर्ट काम्पलैक्स में चाकू लेकर घुसे एक युवक को वहां तैनात पुलिस कर्मचारियों ने काबू कर लिया। पकड़े गए युवक की पहचान अवतार सिंह उर्फ काली निवासी पुरानी गऊशाला, रतिया के तौर पर हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर थाना शहर फतेहाबाद में उसके खिलाफ केस दर्ज किया है। इस बारे पुलिस पकड़े गए युवक से पूछताछ कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार थाना शहर फतेहाबाद के अंर्तगत आने वाली हुडा पुलिस चौकी की टीम चौकी इंचार्ज एसआई महाबीर सिंह के नेतृत्व में अदालत परिसर में मौजूद थी। अदालत परिसर की पहली मंजिल पर कोर्ट काम्पलैक्स ड्यूटी पर तैनात महिला ईएचसी कृष्णा देवी से बातचीत कर रहे थे तो एक युवक वकीलों के चैम्बरों की तरफ से हाथ में कपड़े का थैला पकड़े आता दिखाई दिया। उक्त युवक पुलिस टीम को देखकर घबरा गया और वापस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने उसका पीछा कर उसे काबू कर लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम अवतार सिंह उर्फ काली निवासी पुरानी गऊशाला, रतिया बताया।

# शिक्षा ही बदल सकती है समाज की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

प्राचीन गौशाला में स्थापित बाबा सरसाईंनाथ बुक बैंक वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में दूसरा पुस्तक वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर नवचयनित संघ लोक सेवा आयोग कोमल गर्ग शामिल हुईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के संरक्षक राजेंद्र प्रसाद रातुसरिया ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर अग्रवाल सभा के जिला अध्यक्ष गौरव गोयल पहुंचे हुए थे। कोमल गर्ग ने कहा कि शिक्षा से ही समाज की तस्वीर को बदला जा सकता है। छात्र उचित शिक्षा ग्रहण करके अपने परिवार, समाज, गांव और देश की तस्वीर को बदल सकते हैं। कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता और मेहनत करने वाले कभी असफल नहीं होते। उन्होंने अपने माता-पिता का सम्मान और पढ़ाई के लिए लगन इन दो बातों को जीवन में अपनाने की सलाह दी। वहीं गौरव अग्रवाल ने कहा कि बच्चे अच्छी शिक्षा से अच्छा ज्ञान प्राप्त कर अपने जीवन की किसी भी कठिनाई से लड़ सकते हैं। अच्छी शिक्षा से ही अच्छे चरित्र का निर्माण होता है और अच्छा चरित्र ही व्यक्ति को अच्छा नागरिक बनता है। पुस्तकालय अध्यक्ष एवं बुक बैंक के संस्थापक सदस्य गुरदीप सैनी ने बताया कि बुक बैंक पिछले 4 वर्षों से विद्यार्थियों के लगातार सेवा कर रहा है।



**सिरसा।** बाबा श्री सरसाईं नाथ बुक बैंक कोमल गर्ग, उनके माता-पिता को सम्मानित करते हुए।

# अखिल भारतीय किसान सभा की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रानियां

अखिल भारतीय किसान सभा की बैठक रविवार को बाबा बंता सिंह भवन हुई। बैठक में आगामी लोकसभा चुनावों में किसान सभा की भूमिका के बारे में विस्तार से मंथन किया गया। सभा के जिला सचिव प्रीतपाल सिंह सिद्धू ने कहा कि भाजपा के पिछले दस सालों के कार्यकाल में केंद्र व रा'य सरकार ने किसानों मजदूरों पर असहनीय अत्याचार किए हैं, किसानों के साथ दिसंबर 2021 में किसान आंदोलन स्थगन के समय किए लिखित वायदों से सरकार मुकर गई है। एमएसपी गारंटी कानून बनाने की कोई प्रक्रिया शुरू नहीं की गई। बिजली संशोधन विधेयक में संशोधन करके बिजली के निजीकरण रोका नहीं गया है। लखीमपुर खीरी के किसानों व पत्रकार के कत्ल का साजिशकर्ता केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टैनी को दोबारा लखीमपुर खीरी से लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी घोषित किया गया है जो किसानों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा फैसला लिया गया है।

# मावड़ी माता मंदिर पर मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

प्रतापगढ़ स्थित मावड़ी माता मंदिर परिसर में चैत्र मास के शुक्ल पक्ष में आयोजित मेला में जिला के साथ-साथ हरियाणा, राजस्थान और पंजाब क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। मंदिर के पुजारी राधेश्याम जोगी ने बताया कि मावड़ी माता मंदिर पर साल में दो बार चैत्र मास और अश्विन मास के शुक्ल पक्ष में मेला का आयोजन किया जाता है। जिसमें सिरसा जिला के अलावा राजस्थान से भी श्रद्धालु माता के मंदिर में आकर शीश नवाते हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर की मान्यता है कि जिस बच्चे का कान बहता हो, बच्चा तुतलाता हो और जो बच्चा जन्म के बाद काफी समय तक न चले उसकी मन्नत मांगी जाती है। उन्होंने बताया कि मावड़ी माता की कृपा से श्रद्धालुओं की मन्नत अवश्य ही पूरी होती है। मन्नत पूरी होने के बाद माता के चरणों में चांदी का कान, जीभ और पांव चढ़ाये जाते हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में मिट्टी खोदकर चढ़ाने का मतलब श्रद्धालु द्वारा जाने अनजाने में की पूर्व में की गई गलती पर मिट्टी डालकर क्षमा मांगना है। मंदिर परिसर में शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालुओं को सबसे 'यादा भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में शीश नवाकर प्रसाद, चुन्नरी, अनाज, झाड़ू, सरसों का तेल, सिंदूर और नमक आदि चढ़ाकर घर में सुख-समृद्वि की कामना की। इसके बाद श्रद्धालु मंदिर परिसर स्थित खेत्रपाल मंदिर में सिंदूर, सरसों का तेल और प्रसाद चढ़ाया।

## सचिव के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए भेजी रिपोर्ट, सचिव बोले : कपड़े धुलवाने घर गया था

# एसडीएम का भी फोन नहीं उठा रहे मार्किट कमेटी सचिव

- एसडीएम ने पुलिस को ढूंढने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रतिया

अनाज मंडी में गेहूं के सीजन के दौरान मार्केट कमेटी के सचिव द्वारा प्रशासक को बिना सूचना दिए मुख्यालय छोड़ने और ड्यूटी से गैर हाजिर पाए जाने पर मार्केट कमेटी के प्रशासक व एसडीएम जगदीश चंद्र ने मार्केट कमेटी के सचिव नरेंद्र कुंडू के खिलाफ जिला उपयुक्त व मार्केटिंग बोर्ड के निर्देशक को कार्रवाई करने के लिए पत्र भेजा है। साथ ही मार्केट कमेटी के सचिव के कायों की उच्च स्तरीय जांच करवाने के लिए पत्र भेजा गया है। मार्केट कमेटी सचिव ने अपने ऊपर लगे आरोपों को निराधार बताया है। मिली जानकारी के अनुसार रतिया मार्केट कमेटी के प्रशासक व एसडीएम जगदीश चंद्र को व्यापारियों द्वारा लगातार शिकायत दी जा रही थी कि अनाज मंडी में गेहूं का सीजन शुरू हो चुका है और व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए जब भी वह मार्केट कमेटी के कार्यालय में जाते हैं तो मार्केट कमेटी का सचिव नरेंद्र कुंडू वहां मौजूद नहीं होता और न हीं अधिकारियों व्यापारियों के फोन उठाता है। इस पर एसडीएम जगदीश चंद्र ने नायब तहसीलदार अशोक कुमार को मार्केट कमेटी का निरीक्षण करने के निर्देश दिए थे। बताया गया है कि एसडीएम के निर्देशों के बाद नायब तहसीलदार अशोक कुमार शनिवार सुबह जब वह अनाज मंडी का निरीक्षण कर रहे थे तो उन्होंने मार्केट कमेटी के सचिव को मौके पर बुलाने के लिए कई बार फोन किया लेकिन सचिन ने फोन नहीं उठाया। इसके बाद नायब तहसीलदार रिकॅार्ड चेक करने के लिए मार्केट कमेटी के कार्यालय में पहुंच गए। वहां पर भी नायब तहसीलदार को मार्केट कमेटी के सचिव के बारे में कुछ पता नहीं लगा। इसके बाद नायब तहसीलदार अशोक कुमार ने मार्केट कमेटी के सचिव मौके पर न होने के बारे में एसडीएम जगदीश चंद्र को रिपोर्ट दे दी। रविवार को फिर नायब तहसीलदार मार्केट कमेटी कार्यालय में गए तो मार्केट कमेटी सचिव फिर मौके पर नहीं मिले, जिसकी सूचना उन्होंने एसडीएम जगदीश चंद्र को दे दी।

#### क्या कहते हैं एसडीएम



इस बारे में जब एसडीएम जगदीश चंद्र से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मार्केट कमेटी सचिव के खिलाफ निरंतर शिकायत मिल रही थी। जब तहसीलदार और थाना अध्यक्ष को मार्केट कमेटी कार्यालय में भेजा तो शनिवार सारा दिन और रविवार सुबह भी मार्केट कमेटी के सचिव मौके पर नहीं मिले और ना ही किसी अधिकारी का फोन उठाया। सीजन के कारण मार्केट कमेटी सचिव का कार्यालय में होना अत्यंत जरूरी है लेकिन मार्केट कमेटी सचिव द्वारा अपनी जिम्मेदारी सही ढंग से न निभाने, बिना सूचना दिए मुख्यालय छोड़ने पर उनके खिलाफ गैर हजार पाए जाने पर जिला उपायुक्त व मार्केट कमेटी के निर्देशक को कार्रवाई करने के लिए लिखा गया है।


#### सचिव ने आरोपों को बताया निराधार

मार्केट कमेटी के सचिव नरेंद्र कुंडू ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपी को निराधार बताया कि वह शनिवार शाम को 6 बजे तक कार्यालय में थे और उसके बाद कपड़े धुलवाने के लिए अपने शहर जींद चले गए थे। रविव दोपहर को वापस आ गए हैं। अगर उन्हें नोटिस जारी किया जाए तो जाएगा तो वह उसका जवाब पेश करेंगे।

# साहित्य

*तर्कों की झड़ी, तर्कों की धूलि और अन्धबुद्धि. ये सब आकुल व्याकुल होकर लौट जाती है, किन्तु विश्वास तो अपने अन्दर ही निवास करता है, उसे किसी प्रकार का भय नहीं है।*

**-रवींद्रनाथ टैगोर**



*कहा जाता है कि बिना कुछ किए तो सोने की खदान भी खाली हो जाती है। उसका बेटा लक्ष्मी लाल भी उन्हीं के नक्शेकदमों पर चलता रहा। देखते-देखते परिवार बढ़ा और लोगों की जरूरत भी। अब बच्चों की पढ़ाई, घर की सारी आवश्यकताओं को पूरा करना संभव नहीं हो पाता।*



कहानी | डोली शाह

## स्मरण



गंगा प्रसाद बचपन से ही एक रईस दबंग खानदान से ताल्लुक रखता था। वह पुरखों की बनाई हुई चाय बागान की ही थोड़ी बहुत देखभाल करता और अपना जीवन व्यतीत करता। वह कम पैसों में ही बंजर पड़ी जमीन को जरूरतमंदों को समझा देता, लेकिन जिस तरह कहा जाता है कि बिना कुछ किए तो सोने की खदान भी खाली हो जाती है। उसका बेटा लक्ष्मी लाल भी उन्हीं के नक्शेकदमों पर चलता रहा। सोचता किसी न किसी तरह आखिर पेट तो भर ही जाएगा। देखते-देखते परिवार बढ़ा और लोगों की जरूरत भी। अब बच्चों की पढ़ाई, घर की जरूरतें, राशन- पानी, सारी आवश्यकताओं को पूरा करना संभव नहीं हो पाता। तभी उसने एक छोटी सी पंक्ति खोली लेकिन वहां भी खरीदार से ज्यादा टाइम पास करने वालों का ही तांता लगा रहता। एक दिन बेटा टिंकू अपने दोस्तों के साथ चाय बागान पहुंचा। चलते-चलते वह बागान के अंतिम छोर तक पहुंचने ही वाला था कि टिंकू ने कहा-यार! मैं तो थक गया और चलना मेरे बस में नहीं! अन्य दोस्त ने कहा 'इतनी जल्दी!'

'हां फिर तो यदि पूरा बागान होता तो कभी जा ही ना पाते।' 'क्या?' 'हां, वह तो लोगों के बसने के कारण इतनी छोटी हो गई है। यह सारा जो दाढ़ी वालों की बस्ती है,पहले लक्ष्मी अंकल का ही था।'

'सचमुच।' 'हां,कभी अपने पापा से पूछकर देखना, पहले जितनी जमीन अभी होती तो तुम लोगों की शायद पैसे रखने की भी जगह ना होती। वह तो दूसरों को देने के कारण खेती की जमीन छोटी हो गई और उर्वरता कम होकर दिन प्रतिदिन फसलें भी कम होती जा रही हैं। टिंकू ने घर पहुंचते ही पूछा, 'पापा हमारे बागान के उत्तर की तरफ जो मकान है क्या वह हमारी जमीन थी।' 'हां बेटा , तुम्हारे दादाजी बहुत दयालु थे, जब भी कोई उनसे अपना दुखड़ा कहता, वह उसे सही मान लेते और ऐसा करके ही उन्होंने पूरी जमीन का आधा हिस्सा औरों में ही बांट दिया है।'

'पापा फिर आपने कुछ कभी कहा नहीं?'

'क्या कहूं उन दाढ़ी वालों को, किसी से कहने भी जाओ तो कहते हैं हमें गंगा प्रसाद जी ने दिया है।' 'तो क्या उन्होंने कागजी दस्तावेजों पर भी अपना हाथ साध लिया है?' ' हां,अपनी तरफ से उन्होंने थोड़ा बहुत जुगाड़ तो कर ही लिया है।'

इतने में एक कर्मचारी पूरे दिन का हिसाब किताब लेकर लक्ष्मी लाल जी के पास पहुंचा। बातों-बातों में उसने बताया, 'इरफान के घर के आगे दो-तीन दिनों से एक पक्के मकान की नींव दी जा रही है। आज पूछा तो पता चला कि 'वहां एक मस्जिद के निर्माण की तैयारी चल रही है।'

'क्या?' 'हां साहब, उनकी मंशा तो बढ़ती ही जा रही है। इन्हें रोकना होगा लेकिन ठंडे दिमाग से! वह सैकड़ों वर्षों से रहते हैं। मैंने कुछ नहीं कहा लेकिन आज उन्हें रोकना होगा।' अगले दिन प्रातःकाल लक्ष्मी लाल वहां पहुंचा। 'अरे! साहब, आप अचानक यहां कैसे!'

'नहीं बस यूं ही, बहुत दिन हो गए थे तो देखने आ गए।' 'लेकिन इरफान तुम यह यहां क्या बनवा रहे हो, पहले कच्चे मकान की जगह पक्के मकान तक तो कोई बात नहीं, लेकिन अब हम किसी धर्म स्थान की इजाजत नहीं देंगे।'

'क्यों यह हमारी जमीन है, हम चाहे जो भी करें।'

'इरफान यह तुम भी बखूबी जानते हो और मैं भी..., देखो मैं कोई झगड़ा-झंझट नहीं चाहता, लेकिन मैं यहां कोई कम्युनल बिल्डिंग बनने नहीं दूंगा! ना कोई मंदिर, ना कोई मस्जिद, चाहे कुछ भी हो जाए।' 'लेकिन क्यों' 'किसी और की जमीन पर रहने से वह अपनी नहीं हो जाती।'

'देखते हैं हमें कौन रोकता है बनवाने से' इरफान ने गुस्से में लाल-पीला होकर कहा। टिंकू ने जाकर पुलिस में केस दर्ज कर दिया जिससे मामला काफी गंभीर हो गया। नामौजदूगी की वजह से केस कोर्ट तक पहुंच गया। तारीख- पर-तारीख करते काफी वक्त गुजर गया। पिता की उम्र देख अब टिंकू ही हर दिन पढ़ाई से बचे समय में ही चाय बागान देखने जाता। इरफान की बेटी फराह भी इस बागान में पत्ती तोड़ने आती। उसका पतला, लंबा, छरहरा बदन रूप-रंग, गठन, मानो देखते ही बनता था। टीकू भी उसे बड़े ध्यान से देखता। वह उससे बातें करने का प्रयास भी करता, लेकिन वक्त ने कभी साथ नहीं दिया। एक तरफ मालिक तो दूसरी तरफ कर्मचारी..! एक दिन टिंकू कर्मचारियों को वेतन दे ही रहा था कि फराह कुछ देर से पहुंची। टिंकू ने मौका देख उससे पूछा 'आज इतनी देर से तुम?''हां ! घर का कुछ काम करने लगी थी, कोई बात नहीं...' पूरा दफ्तर सन्नाटा हो चुका था। इस सप्ताह कितने दिन काम किया था?' 'पूरे 6 दिन साहब।' 'लेकिन फराह, तुम्हें थोड़ा इंतजार करना होगा!'

'क्यों साहब?' 'मैंने भांगीलाल को छुट्टे लाने भेजा है। आता ही होगा!' फराह की चुप्पी देख वह खुद को रोक नहीं पाया। बोला, 'क्या बात है, इतनी चुप्पी?' 'कुछ तो बोलो अकेले हैं हम।'

'क्या बोलूं?' 'कितनी पढ़ाई की है तुमने?' 'दसवीं तक, फिर छोड़ दिया।' 'पढ़ने का मन नहीं करता साहब!' 'तुम चाय बागान में काम मत किया करो!' 'क्यों?' 'ऐसे ही।' 'अच्छा नहीं लगता ,तुम्हें काम करते देखकर।' 'लेकिन साहब केवल अब्बू की कमाई से भोजन-पानी, पढ़ाई का खर्च चलाना मुश्किल हो जाता है, जिससे मुझे भी काम करना पड़ता है।' टिंकू उसे टकटकी लगाए देखता रहा । फराह नजर झुकाए बैठी थी। 'क्यों लेकिन 12वीं तक की पढ़ाई के सारे खर्चे तो सरकार मुफ्त ही दे रही है सिर्फ विद्यार्थियों का मन होना चाहिए। तुम कहो तो अब्बू से बात करूं? 'करिए ...लेकिन लगता नहीं कि अब्बू मानेंगे।' इतने में भांगीलाल छुट्टे लेकर पहुंचा। टिंकू ने फराह को 1200 रुपये थमाए। मन ना होते हुए भी उसे जाना पड़ा। टिंकू मन ही मन चिंतित हुआ कि कुछ दिन पहले ही झगड़ा और फिर मैं यह सब क्या सोच रहा हूं ,कैसे बोलूंगा। फिर एक दिन वह कुछ दोस्तों के साथ फराह के घर पहुंचा। अब्बू अवाक होकर बोले, 'अब यहां तुम! यहां क्यों आए हो!' 'यूं ही बस। चाचा जी! केरल सरकार ने चाय जनजाति की बालिकाओं को नयी योजना में 12वीं तक की शिक्षा केलिए बिल्कुल मुफ्त शिक्षा नीति प्रारंभ की है। यहां तक कि रहने-खाने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी और यदि अच्छे नंबरों से पास किया तो मुफ्त स्कूटी तक प्रदान की जाएगी। सचमुच यदि हमारे गांव की लड़कियों को स्कूटी की सुविधा मिल गई तो कितना गौरव बढ़ेगा। 'फराह ने तो दसवीं तक पढ़ाई कर छोड़ ही दिया।'

'अब भी कुछ देर नहीं हुई, मन हो तो वह पढ़ सकती है।' 'हां बात तो तुम सही कह रहे, पता करके सारी स्कीम की जानकारी मुझे दो।'

'जी जरूर। उसने उसका 11वीं में दाखिला भी करा दिया। अब टिंकू रोज प्रातःकाल चाय बागान से होकर ही कॉलेज जाता जिससे दोनों को एक दूसरे की आदत-सी पड़ गई। कोर्ट में कार्रवाई के लिए तारीख पर तारीख। उधर दोनों के बीच रिश्ते को आगे बढ़ाने का वादा। अब टिंकू को अजहर के खिलाफ कोर्ट में गवाही के लिए खड़े होने में बड़ा अटपटा सा लगता। तभी एक दिन बातों ही बातों में फराह ने टिंकू से कहा 'हमारे गांव में ऐसी कोई जगह नहीं जहां थोड़ी देर अकेले बैठकर समय व्यतीत किया जा सके।' 'अरे! फरहा, समय है किसके पास!' 'फिर भी मन तो होता है, कभी कुछ वक्त अपने साथ, प्रकृति के साथ बिताने का।' 'है तो अपना चाय बागान!' 'अरे ! दोस्त! वहां भी तो हर टाइम कर्मचारी ही रहते हैं।'

'बात तो तुम्हारी सही ही है।'

टिंकू मन ही मन सोचता रहा इतने में फराह बोली 'क्यों ना हमारे अब्बू ने जहां मस्जिद के लिए निर्माण कार्य शुरू किया था वहीं उनकी गुजारिश से एक ओर पार्क का निर्माण कराया जाए।'

'हां ,सचमुच।' 'लेकिन टिंकू इस बात को तुम पहले अब्बू को बोलना!' टिंकू ने अगले दिन ही इरफान के पास अपनी इच्छा प्रकट की, 'चाचा जी अब बाबूजी अक्सर अस्वस्थ ही रहते हैं और अकेले मुझसे केस -फौजदारी होगा नहीं।'

'तो क्या कहना चाहते हो?'

'चाचा जी क्यों ना हम उसी जमीन पर एक छोटे से पार्क का निर्माण करायें, जिससे कुछ देर तो इंसान प्रकृति के बीच रह सके, अपने आप से बातें कर सके और जगह जमीन लेकर क्या लड़ना-झगड़ना। सब को तो खाली हाथ ही जाना होगा।' इतने में फराह चाय लेकर पहुंची- 'अब्बू चाय।'

चाय पीकर उठते हुए पिंटू ने कहा, 'चाचा जी मैं चलता हूं लेकिन मेरी बातों पर विचार जरूर कीजिएगा, क्योंकि गांव में एक पार्क यदि हो जाए तो पूरे गांव का विकास भी होगा।' यह बात ज्यों ही इरफ़ान ने घर पर बताई, 'बताएं?' फराह फौरन बोली । 'अब्बू यह बहुत अच्छा विचार है, पार्क होगा तो बाहर से लोगों का आना-जाना भी होगा। संस्कृति का आदान-प्रदान भी होगा। अब्बू ना मत करो! प्लीज ,यह तो गोल्डन ऑपच्यरुनिटी है,अब्बू अपनी स्मृति बनाने के लिए।

सोचिए ना, मस्जिद बनती तो सिर्फ वहां हमारे ही धर्म के लोग आते, लेकिन पार्क में तो हर धर्म समुदाय के लोग आएंगे। सबके बीच आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।' इरफान बेटी की बातों को ना नहीं कर सका। बोला, 'अच्छा तुम लोगों की मर्जी।' फराह ने फौरन यह सूचना टिंकू को दी। टिंकू ने भी अपने घर पर सारी बातें बताई। वह अगले दिन ही प्रातः काल बागान पहुंच टिंकू ने पूछा, 'इरफान साहब! क्या सोचा मेरी बातों पर?' 'चलो ठीक है। लेकिन मैं ने तो मस्जिद के लिए इस जमीन पर एन ओ सी लिया था। अब कोर्ट की कागजी कार्रवाई सिर्फ तुम्हें ही करनी होगी।' आप हां तो कीजिए, बाकी सब हम देख लेंगे।' 'लेकिन एक शर्त है क्या इसमें मेरा भी नाम रहेगा।' 'अच्छा चलिए वह भी मान लिया।'टिंकू वहां से चल दिया। वह घर आकर ही फौरन कॉलेज पहुंचा । फराह से मिलकर बोला, 'हमारी मेहनत रंग ला गई। तुम्हारे अब्बू ने मुझे पार्क के लिए कागजी कार्रवाई तैयार करने को बोला है।' यह सुन दोनों के चेहरे पर एक सांत्वना की खुशी की लहर दौड़ गई। 'सचमुच कभी सोचा नहीं था कि अब्बू मान जाएंगे। इसलिए तो कहा जाता है प्रयास ही सफलता की पूंजी है, सच्ची अब हमारे रिश्ते भी प्रयास के बदौलत ही सफल होंगे।' हां इतना कह के दोनों जोर से हँस पड़े।

*(लेखिका शिक्षिका एवं साहित्यकार हैं)*

कविता | नृपेन्द्र अभिषेक नृप



### उन्हें अब वक्त नहीं

ये दुनिया बड़ी निष्ठुर है
जिन पर आप
अपनी जान छिड़कते हैं
वे वक्त आते ही बदल जाते हैं

जिनके लिए आपका
हर पल होता है
उन्हें वक्त नहीं होता
जब उनका वक्त आता है
जिनके जीवन का
आधार थे कभी आप
एक वक्त के बाद उनके
आधार भी बदल जाते हैं

स्तम्भ के सानिध्य में
आपके रिश्तों को भी
वे तोड़ जाते हैं
क्योंकि अब उनके पास
वक्त नहीं है आपके लिए
आपके सपनों के लिए
आपके अपनों के लिए
और आपके रिश्तों के लिए

दुनिया की रीत है यही
लोग आपके वक्त को देख
अपना वक्त बदल लेते हैं।

कविता | निधि राठी



### खुशनुमा

हर रोज थोड़ा संवरती है, थोड़ा संभलती है,
इतराती है, आईने से बातें करती है,
हवा सी उड़ती है, खुशनुमा सी हस्ती है,
मिजाज गरम है, लहजा नरम है,
हार जाएगी, ये तुम्हारा भ्रम है,
खिलखिला कर निकल जाती है वो इन तंग गलियों से,
कुछ ऐसे खुदा के उसे पर कर्म है।

पुराने ख्यालों की लड़की है,
हल्की सी बिंदी और गजरे से अपने बालों को सजाती है,
आसमान से बातें करती है, चांद के संग ठहाके लगाती है, सितारों से बहस करती है, सूरज को मात देती है,
यूं तो फूल सी नाजुक है पर कांटों से भिड़ जाती है,
यूं ही लोग उसे माया नहीं कहते,
वो अपनी मोहब्बत से पत्थर में जान डाल जाती है।

बड़ी गहरी बातें करती है, प्रेम में विश्वास रखती है,
अजीज बना ले अगर किसी को,
तो दिल की बेहद गरीब रखती है,
ठोकरें खाती है, फिर उठ जाती है,
कई बार अपनों से ही मार खाती है,
आहट तक नहीं आती उसकी तकलीफ़ के शोर से,
कुछ इस कदर अपने जज़्बातों को संभाल कर रखती है।

लघुकथा | अम्बिका कुमारी कुशवाहा



### रिश्ते

गुप्ता जी बड़ी देर से बालकनी में टहल रहे थे। काफी चिंतित दिख रहे थे और बार बार मेन गेट की ओर देखे जा रहे थे। तभी उनकी पत्नी साधना जी चाय लेकर आती है और कहती है 'क्यों इतना परेशान हो रहे हो? थोड़ी देर कुर्सी पर बैठ भी जाओ। गुप्ता जी ने एक गहरी सांस ली और वही कुर्सी पर बैठ चाय पीने लगे।

गुप्ता जी की चिंता का कारण उनकी बेटी पायल जो आज ही अपने ससुराल से आ रही है। गुप्ता जी का छोटा बेटा उसे लाने गया है। तभी मेन गेट खुलता है गुप्ता जी की बेटी पायल अपने भाई स्वराज के साथ घर में आती है। गुप्ता जी और उनकी पत्नी बेटी का हाल चाल लेते है उसके तुरंत बाद पायल अपने पुराने कमरे में चली जाती है। गुप्ता जी पत्नी बेटी के लिए खाना बनाने को कह किचन में चली जाती है। गुप्ता जी फिर से कुर्सी पर बैठ गहरी सोच में डूब जाते है। गुप्ता जी ने अपनी बेटी पायल को काफी पढ़ाया लिखाया था पायल एक सॉफ्टवेयर कंपनी में जॉब भी करती थी। गुप्ता जी ने बेटी का विवाह एक प्रतिष्ठित परिवार में किया था। पायल का पति एक अच्छे पद पर कार्यरत है। लेकिन शादी के कुछ दिनों बाद ही पायल ने अपनी नौकरी छोड़ दी। लेकिन क्यू?? ये पायल ने अपने मां बाप को बताया नही। जब हदें पार कर गई, पायल का पति उसे अनेक तरह से प्रताड़ित करने लगा तब पायल ने अलग होने का फैसला लिया। और मां पापा को बताया की वो वापस आ रही है। बेटी के रिश्तों को बचाने के लिए मां बाप ने भी काफी कोशिश की लेकिन कोई हल नहीं निकला। पायल पूरी तरह टूट चुकी थी। स्त्रियां जो होती है वो अंत तक कोशिश करती है रिश्तों को बचाने की। रिश्ते महज उनके लिए रिश्ते नही बल्कि उनकी भावनाओं के साथ एक जुड़ाव होता है। अलग होने के फैसला बहुत कठिन होता है लेकिन जब रिश्तों की बुनियाद खत्म हो जाती है तब कुछ बचाने को बचा नही होता है। और उस रिश्ते से बाहर निकल जाना ही एक रास्ता बचा होता है। गुप्ता जी और उनकी पत्नी भी बेटी की तकलीफों के आगे बेबस थे। फिर भी बेटी को हौसला देने को खड़े है। समाज ऐसा है की लड़कों का अतीत महज एक कहानी होती है लेकिन लड़कियों का अतीत कलंक बन जाता है। गुप्ता जी कुर्सी से उठकर बेटी के कमरे की ओर गए साथ में उनकी पत्नी भी पीछे से नाश्ता लेकर गई।

**साहित्य हमें सही रास्ता दिखाता है। श्रेष्ठ साहित्य आत्मविश्वास बढ़ाता है तथा तनावमुक्त बनाता है। इसलिए हमें पढ़ने की आदत डालनी चाहिए। लोगों की पढ़ने की आदत छूट रही है, किंतु अब भी अच्छा साहित्य पढ़ने वाले बहुत हैं। कुछ लोग मोबाइल का सहारा लेकर पढ़ लेते हैं। आज के युग ऑनलाइन साहित्य पढ़ा जा रहा है। पुस्तकें खरीदने का चलन एक तरह से खत्म हो गया है।**

साक्षात्कार | शशि कांत चौहान

## कालजयी रचनाओं की कमी से साहित्य के पाठक हुए कम: डॉ सुमन

कालजयी और स्तरीय लेखन में कमी आने से युवाओं ही नहीं, बल्कि हर उम्र के पाठक वर्ग में कमी आई है। अच्छा साहित्य पढ़ने को मिले तो सभी की रुचि होगी और साहित्य पढ़ने के प्रति प्रेरित होंगे। यह कहना है महिला साहित्यकार डॉ. डॉ सुमन कादयान का।

वह कहती हैं कि युवाओं में साहित्य के प्रति रुचि कम होने का दूसरा बड़ा कारण यह है कि आज उसके सामने धनोपर्जन की बड़ी चुनौतियां है। आज युवा सबसे पहले आजीविका कमाने का साधन ढूंढने को प्राथमिकता देता है। इतना ही नहीं कमाई का एक नहीं वह कई इनकम सोर्स चाहता है, इसलिए वह साहित्य पढ़ने को कम तवज्जो दे रहा है। आज का युवा रोजगार के चक्कर में संस्कृति, प्रकृति और कला से भी विमुख हो गया है, यही कारण है कि वह असंवेदनशील हो गया।

आधुनिक युग में साहित्य की स्थिति ठीक है। हम जानते हैं कि लोगों की पढ़ने की आदत छूट रही है, किंतु अब भी अच्छा साहित्य पढ़ने वाले बहुत हैं। कुछ लोग मोबाइल का सहारा लेकर पढ़ लेते हैं। आज के युग ऑनलाइन साहित्य पढ़ा जा रहा है। पुस्तकें खरीदने का चलन एक तरह से खत्म हो गया है। साहित्य की महत्ता कभी खत्म नहीं हो सकती। 25 फरवरी 1972 को रोहतक जिले के कंसाला गांव में जन्मी सुमन के पिता रामधारी सिंह खोखर रोहतक जाट स्कूल में गणित में अंग्रेजी के शिक्षक थे। माता धनपति देवी गृहिणी थी। हालांकि परिवार में साहित्य से किसी का जुड़ाव नहीं था। भाई-बहन भी साहित्य से नहीं जुड़े हुए थे, लेकिन पढ़ने में सबकी रुचि थी। बचपन से ही बहुत कुछ लिखने की इच्छा थी किंतु घर का माहौल साहित्यिक नहीं था। शादी के बाद उन्हें साहित्यिक माहौल मिला तो उनके अंदर का साहित्यकार सक्रिय हो गया तथा लिखना आरंभ किया। एक बार लेखन शुरू किया तो फिर कलम रुकी ही नहीं। डॉ सुमन कादयान का साहित्य के बारे में मानना है कि साहित्य हमें सही रास्ता दिखाता है। श्रेष्ठ साहित्य आत्मविश्वास बढ़ाता है तथा तनावमुक्त बनाता है। इसलिए हमें पढ़ने की आदत डालनी चाहिए। लोक साहित्य में रुचि कैसे पैदा हुई इस बारे में उन्होंने बताया कि वैसे तो लोक साहित्य व संस्कृति में मेरी बचपन से ही रुचि थी, किन्तु शादी के बाद पति साहित्यकार डॉ ओमप्रकाश कादयान का साहित्य एवं लोक संस्कृति के प्रति समर्पण भाव देखकर उचित माहौल मिल गया।

पहले लेख लिखे फिर कविताएं आरम्भ की। डॉ सुमन कादयान के लेखन का फोकस लोक साहित्य पर है। वे आसपास एकत्रित हुई औरतों से लोक साहित्य संग्रह कर लेती हैं। उनकी पहली कविता थी- ***यादों के समंदर में डूब जाने को जी चाहता है***
***उसमें से मोती निकालने को जी चाहता है***
***काश! कोई लौटा दे वो सुंदर-सा बचपन मेरा***
***दोबारा जिंदगी जीने को जी चाहता है।***

साहित्य लिखते-लिखते आकाशवाणी केंद्र से बहुत-सी वार्ताएं व कार्यक्रम प्रसारित हुए तो अच्छा लगा। लेखन में कठिनाई कोई नहीं आई। उनके आलेख अधिकतर हरियाणवी लोककला, संस्कृति व सांस्कृतिक विरासत पर रहे हैं। इसके अलावा कुछ सामाजिक मुद्दों पर लिखनी चली। कविताएं प्रकृति, संस्कृति व प्रेम पर आधारित रही हैं। सुमन की आरम्भिक शिक्षा जाट स्कूल, रोहतक, फिर आईसी महिला महाविद्यालय से स्नातक तथा आगे की पढ़ाई कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय,से हुई। ये हेलना कौशिक महिला महाविद्यालय, मलसीसर (झुंझनू) में हिन्दी की सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत थी। घर से अधिक दूर होने के कारण नौकरी छोड़ दी। वर्तमान में ये ओम स्ट्रलिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी, हिसार में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं।

### प्रकाशित पुस्तकें

डॉ सुमन कादयान की हरियाणा के संस्कार गीत, हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत, देवी शंकर प्रभाकर : बहुमुखी प्रतिभा के धनी, चिलमन से झांकती निगाहें, उसकी चाहतों का समन्दर, माट्टी की खुश्बू,महकता मधुमास, कतरा कतरा जिंदगी, रास्तों की शुरुआत और सुलगते जज्बाज आदि ग्यारह पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। इसके अलावा इनकी रचनाएं देशभर के विभिन्न पत्र पत्रिकाओं और समाचारों में प्रकाशित होती हैं तथा रोहतक, कुरुक्षेत्र तथा हिसार आकाशवाणी से वार्ताएं प्रसारित हुई हैं।



डॉ सुमन कादयान


### पुरस्कार व सम्मान

डॉ सुमन कादयान देवीशंकर प्रभाकर अवार्ड, पंजाब कला साहित्य अकादमी पंजाब का विशेष अकादमी सम्मान, निराला कला साहित्य संस्थान, बस्ती (यूपी) से 'राष्ट्रीय साहित्य गौरव' सम्मान, विक्रमशिला हिन्दी विद्यापीठ, भागलपुर (बिहार) द्वारा 'साहित्य शिरोमणि' सम्मान के साथ-साथ अनेक संस्थाओं द्वारा सम्मानित हो चुकी हैं। जिसमें रानी लक्ष्मीबाई सम्मान, कवि त्रिलोचन सम्मान एस-एफ-वाई-डी- (दिल्ली) द्वारा प्रदान किये गए। फोटोग्राफी में हरियाणा लोक सम्पर्क विभाग तथा उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा भी सम्मान पा चुकी हैं।

### व्यक्तिगत परिचय

**नामः** डॉ सुमन कादयान
**जन्मतिथिः** 25 फरवरी 1972
**जन्म स्थानः** कंसाला रोहतक (हरियाणा)
**शिक्षाः** एम.ए. हिन्दी, पी.एच.डी. डी लिट मानद (विक्रमशिला हिन्दी विद्यापीठ) भागलपुर बिहार

## सृजनशील व्यक्ति को बार-बार आना चाहिए



पुस्तक समीक्षा | दिनेश दिनकर

दस पुस्तकों के पन्नों पर कलम और चित्रकारी के हजारों पन्नों पर रंग की कूची चलाने वाले सृजनशील व्यक्ति लक्ष्मीनारायण पांचाल जी अपनी आत्मकथा के रूप में ग्यारहवीं पुस्तक 'मैं फिर आऊंगा' के साथ पाठकों के समक्ष उपस्थित हैं। उम्र और सृजन क्षेत्र में छह दशक बिता चुके वरिष्ठ कवि, लेखक और कला अध्यापक रहे पांचाल जी अपने अनुभवों को निचोड़ते हुए एक सार्थक आत्मकथा के रूप में प्रस्तुत करने में निश्चित रूप से सफल रहे हैं। पुस्तक में दस अध्यायों में अपने बचपन से लेकर पुस्तक छपने तक के निजी जीवन, शैक्षणिक जीवन, परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति अपने अनुभवों, दायित्वों, विचारों को बेहद शालीनता के साथ यहां क्रमबद्ध किया गया है। लेखक ने अपनी उपलब्धियों के साथ-साथ एक कुशल सृजनशील का परिचय देते हुए अपनी कमियों और समाज में सुधारों की ओर भी अपनी कलम को आजाद रखा है।

'मैं फिर आऊंगा' आत्मकथा में 70-80 के दशक की जीवनशैली से अनभिज्ञ पाठक जब लक्ष्मीनारायण की दिनचर्या को पढ़ते हैं, पुस्तक में संकलित इनकी यात्रा वृत्तांत को पढ़ते हुए इसमें शामिल होते हैं तो लगता है मानो सामने कोई चलचित्र चल रहा हो। इस बात का जिक्र आत्मकथा में लेखक की पोती अवन्तिका भी करती रहती है। यहां शब्दों के चयन, लेखक के साहित्यिक अनुभव की तारीफ करना एक कृतज्ञता लगता है। जवाहर नवोदय विद्यालय में कला अध्यापक के पद पर रहते हुए लेखक को भारत के भिन्न-भिन्न प्रदेशों में पोस्टिंग, अलग-अलग तरह के विचारों के विद्यार्थियों, शिक्षकों और लोगों से मिलने का अवसर मिलता रहा है। जिसके परिणामस्वरूप यहां आत्मकथा में घटनाओं, अनुभवों और उपलब्धियों में अधिकता देखने को मिलती है। निश्चित रूप से जवाहर नवोदय विद्यालय से संबंध रखने वाले लाखों विद्यार्थी और स्टाफ के साथ कला और साहित्य प्रेमियों के लिए यह पुस्तक एक ऐतिहासिक धरोहर के रूप में अपनी पहचान बनाएगी।

यहां कहना अतिश्योक्ति होगा कि निजी जीवन, परिवार, समाज, शिक्षा, देश की संस्कृति, तकनीक, पारिवारिक संस्कार और एक नागरिक होने के प्रति जिम्मेदारी इत्यादि को लेकर सच्चाई से परिचय करवाते हुए रेखांकित घटनाओं में काल्पनिकता का अभाव है जिससे पाठक इस आत्मकथा और यात्रा वृत्तांत से अपनापन महसूस करेंगे।

**पुस्तक : मैं फिर आऊंगा**
**लेखक : लक्ष्मीनारायण पांचाल**
**मूल्य : 200 रुपये**
**प्रकाशक : सुलेखा प्रकाशन**

## साहित्यकारों के जीवन में झांकती किताब



पुस्तक समीक्षा | अरुण कुमार कैहरबा

डॉ. सुरेन्द्र कुमार की 'आत्मकथाएं: साहित्यिक परिवेश' साहित्यकारों के जीवन में झांकने वाली एक बेहतरीन किताब है। रामदरस मिश्र, हंसराज रहबर, हरिवंश राय बच्चन, गोपाल प्रसाद व्यास, उपेन्द्रनाथ अश्क, डॉ. नगेन्द्र, रामविलास शर्मा, काका हाथरसी, ओम प्रकाश वाल्मिकी सहित कितने ही साहित्यकारों की आत्मकथाओं के जरिये उनके प्रसंग इस किताब में संजोए गए हैं। साहित्यकारों के आपसी संबंधों और विशेष घटनाओं का किताब में विवरण ही नहीं है, बल्कि उनके साहित्य के प्रेरक तत्वों की समीक्षा भी है। किताब को छह अध्यायों में बांटा गया है, जिनमें पहला अध्याय 'काव्य लेखन का साहित्यिक परिवेश' है। यह अध्याय किताब के सबसे अधिक पन्ने ले गया है। इसका एक कारण तो यह लगता है कि लेखक की कवियों व उनकी कविताओं में दिलचस्पी है। दूसरा कारण यह भी लगता है कि पुस्तक का हिस्सा बने अधिकतर साहित्यकार लेखन की शुरूआत काव्य लेखन से ही करते हुए दिखाई देते हैं। लेखक कहता है- 'बच्चन, नगेन्द्र, अमृतलाल नागर, गोपाल प्रसाद व्यास, बेचन शर्मा उग्र, काका हाथरसी, निराला प्रायः सभी रचनाकारों ने काव्य लेखन के द्वारा ही साहित्य के क्षेत्र में कदम रखा। विभिन्न कवियों के काव्य-संग्रह और उनके समय के कवि सम्मेलन साहित्य और कविता के लिए माहौल का निर्माण करते हुए लोगों में चेतना का निर्माण कर रही थी।दूसरे अध्याय 'गद्य लेखन का साहित्यिक परिवेश' में कहानी, उपन्यास और नाटक आदि गद्य विधाओं पर आधारित किताबों के प्रसंग पढ़ने को मिलते हैं। 'साहित्यिक परिवेश व हिन्दी भाषा', 'साहित्यकारों का फक्कड़पन और पत्रकारिता', 'आलोचना की पृष्ठभूमि' और 'अनुवाद से संवाद' शीर्षक अध्याय अपनी संक्षिप्तता व सारगर्भिता के कारण पाठकों पर विशेष प्रभाव अंकित करते हैं।

पूरी किताब विभिन्न किताबों का निचोड़ प्रस्तुत करती है और पाठकों को साहित्यकारों के जीवन, उनकी बहुविध रचनाओं की पृष्ठभूमि के साथ ही अनूठा रसास्वादन करवाती है। लेखक को उनकी बेहतरीन किताब के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ। आशा है उनकी रचनात्मकता यूं ही विकास करेगी और आगामी किताबों में पाठकों को दिखाई देगी।

**पुस्तक : आत्मकथाएं: साहित्यिक परिवेश**
**लेखक : डॉ. सुरेन्द्र कुमार**
**मूल्य : 300 रुपये**
**प्रकाशक : कलमकार पब्लिशर्स**

## खबर संक्षेप

### मैरिज पैलेस के खिलाफ अल्फावासियों ने खोला मोर्चा

**फतेहाबाद।** हिसार रोड स्थित अल्फा इंटरनेशनल सिटी में चल रहे अमात्रा रिसोर्ट्स के खिलाफ कालोनीवासियों ने मोर्चा खोल दिया है। ड्राईंग के विरूद्ध चल रहे इस रिसोर्ट्स को लेकर अल्फा कालोनिवासियों का विरोध धीरे-धीरे जोर पकड़ रहा है। कालोनीवासी रिसोर्ट्स में होने वाली विवाह समारोह में तेज आवाज में चलने वाले डीजे से परेशान हैं। लोगों का कहना है कि वह इस मामले को लेकर कई बार प्रशासन व पुलिस अधिकारियों से मिल चुके हैं लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकला, जिससे कालोनीवासियों में रोष बढ़ता जा रहा है।

### सैर के लिए निकले व्यक्ति को कार ने मारी टक्कर

**भट्टूकलां।** क्षेत्र के गांव ढाबी कलां के पास सैर के लिए निकले व्यक्ति को कार ने पीछे से टक्कर दे मारी। हादसे में घायल व्यक्ति को उपचार के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। इस बारे भट्टूकलां पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव ढाबी कलां निवासी रामेश्वर दास ने कहा है कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। गत दिवस शाम को वह अपने घर ढाबी कलां से गांव रामसरा की पैदल घूमने के लिए जा रहा था। जब वह तेजपाल की ढाणी के पास पहुंचा तो पीछे से गांव ढाबी कलां की तरफ से आ रही कार के चालक राजू निवासी महराणा ने कार को लापरवाही व तेजगति से चलाते हुए उसे टक्कर दे मारी जिससे वह सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया।

### अलग-अलग स्थानों से तीन महिलाएं लापता

**फतेहाबाद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से तीन महिलाओं के लापता होने का समाचार है। इस बारे परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज करावई गई है। शहर फतेहाबाद पुलिस को दी शिकायत में हरनाम सिंह कालोनी फतेहाबाद निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी पत्नी गत दिवस बिना किसी को बताए घर से चली गई है और वापस घर नहीं लौटी है। दूसरे मामले में शहर टोहाना पुलिस ने पंजाबी कालोनी निवासी एक महिला की शिकायत पर उसकी 22 वर्षीय लड़की के लापता होने बारे केस दर्ज किया है। महिला ने कहा कि उसकी लड़की घर से अपने सभी कागजात, 4 हजार नकद व गहने भी ले गई है।

### घर में घुसकर युवकों ने सिलैंडर चुराया

**फतेहाबाद।** चोरों ने टोहाना में एक घर में घुसकर सिलैण्डर चोरी कर लिया। चोरी की वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में डांगरा रोड, टोहाना निवासी परमजीत सिंह ने कहा है कि उसका डीएवी स्कूल के सामने मकान है। गत रात्रि परिवार के सभी सदस्य खाना खाकर सो गए थे। सुबह करीब 6 बजे जब उसकी पत्नी चाय बनाने के लिए गई तो चूल्हा नहीं चला। इस पर उसकी पत्नी ने बताया। जब उसने सिलैण्डर को चैक किया तो पाया कि बाहर बरामदे में लगा गैस सिलैंडर गायब था। रात को अज्ञात चोर उसके घर में घुसकर सिलैण्डर चोरी कर ले गए है। जब उसने वहां सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की जांच की तो पता चला कि तीन युवक एक मोटरसाइकिल पर आए।

---

जवाहर नगर में रामभक्त हनुमान मंदिर समिति का उत्सव


# हाथों की लकीरों में नहीं, कर्म में अपना भविष्य देखें : स्वामी उमानंद

सत्संग में हस्ती को मिटाना होता है, तभी तो प्रभु प्रेम की मस्ती आती है

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

जवाहर नगर की गली नंबर 2 की रामभक्त हनुमान मंदिर समिति का 29वां वार्षिक महोत्सव जारी है। इसी उपलक्ष्य में चल रही हनुमान कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुए हरि मंदिर अमरधाम, फर्रुखनगर, गुरुग्राम के अधिष्ठाता व कथा व्यास डॉ. स्वामी उमानंद मानसमणि ने कहा कि जो कुछ पास है क्या हम उसके लायक हैं अथवा जो कुछ हमारे पास है, अनेकों के पास वह भी नहीं है-यदि ऐसा सोचोगे तो कभी भी जीवन और ईश्वर से शिकायत नहीं होगी। गुरुदेव अक्सर कहा करते है कि हाथों की लकीरों में नहीं, कर्म में अपना भविष्य देखो। अपने जीवन में जिसने खुद ही नकारात्मक विचारों का अंधेरा कायम कर रखा हो, उसके लिए हजार सूरज मिलकर भी उजाला नहीं कर सकते हैं। अपनी मन की बातें बड़ों के सामने कहो, व्हाट्सअप या स्टेट्स पर नहीं। जीवन एक उपहार है, इसका उपहास मत बनाओ। जिसके पास समझ है, उसके पास समय की कोई कमी नहीं है। मनोरंजन में लोग इतना डूब गए हैं कि कथा-सत्संग जैसे पवित्र समारोहों को भी विलासिता पूर्ण बना दिया है।

सत्संग में हस्ती को मिटाना होता है, तभी तो प्रभु प्रेम की मस्ती आती है। हिंदुत्व की जागृति सनातन धर्म को मानने वाले घरों से होगी, नारों से नहीं। जब तक मां-बाप अपने बच्चों को बचपन से ही हिंदू संस्कृति का परिचय नहीं देंगे, तो जवान होने पर उन्हें भटकने से कौन रोक सकता है। घरों में धार्मिक ग्रंथों का अभाव, बड़े-बूढ़ों की संगत में न बैठना, मंदिर न जाना और संतों का संग न करना-इनका नकारात्मक प्रभाव वास्तु दोष से भी ज्यादा खतरनाक है। इस अवसर पर समिति के प्रधान इंद्रचंद राठी, प्रीतम छाबड़ा, भगतचंद मेहता, केके सेहरा, सुरेश जैन, हरबंस ग्रोवर, रघुवीर चंद्र सिंगला, आत्माराम बिश्रोई, बजरंग गोयल, हनुमान राठी, हंसराज काठपाल, दीपक, सुरेन्द्र सिहाग, रामकुमार गोदारा, नरेन्द्र रेवड़ी, सूरजप्रकाश व अन्य मौजूद रहे।




हिसार। हनुमान मंदिर, जवाहर नगर के वार्षिकोत्सव पर प्रवचन देते स्वामी उमानंद व उपस्थित श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

#### यह रहेगा कथा का कार्यक्रम

समिति के प्रधान इंद्रचंद राठी ने बताया कि 22 अप्रैल तक सायं 4 बजे से 7 बजे तक भजन, सत्संग व प्रवचन का कार्यक्रम चलेगा। उन्होंने बताया कि 22 अप्रैल को प्रातः 6:30 बजे अखंड हनुमान चालीसा पाठ प्रारंभ किये जाएंगे जिनका समापन 23 अप्रैल को प्रातः 6:30 बजे किया जाएगा। इसके बाद सत्यनारायण कथा की जाएगी। प्रातः 8:30 बजे हवन किया जाएगा। प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक स्वामी सत्यानंद महाराज व अन्य विद्धवजन भजन, सत्संग व प्रवचन देंगे। दोपहर 1 बजे भंडारा चलाया जाएगा। इसी दिन सायं 7:30 बजे पं. राजेश शर्मा चित्रकूट वालों के सान्निध्य में सामूहिक रुप से सुन्दरकांड पाठ किया जाएगा।

#### इंद्रचंद राठी के बाग में आज होगा हवन

रामभक्त हनुमान मंदिर समिति के प्रधान इंद्रचंद राठी के बाग वाले मंदिर का वार्षिकोत्सव 21 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा। प्रातः 7:15 बजे सुन्दरकाण्ड का पाठ होगा। सवा 9 बजे हवन यज्ञ होगा। सवा 10 बजे से भजन-सत्संग होगा जिसमें स्वामी सत्यानंद महाराज एवं अन्य विद्धजन प्रवचन देंगे। समापन पर भंडारा चलाया जाएगा।

---

# मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करें

- लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए हर नागरिक को अपने मत का प्रयोग करना चाहिए : डॉ. राजीव वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

लोकतंत्र में चुनाव एक उत्सव के समान है जिसमें सभी मतदाताओं की भागीदारी होना जरूरी है और यह भागीदारी मतदान करके की जा सकती है। लोकसभा आम चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान हो और सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें इसके लिए स्वीप के माध्यम से चुनाव आयोग के दिशा-निदेर्शानुसार प्रशासन द्वारा विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे है। मतदान को लेकर जहां युवा मतदाताओं में जोश एवं उत्साह है वहीं पर शिक्षाविद् भी मतदान को लेकर विद्यार्थीयों को जागरूक करने का काम कर रहे है। दयानंद महाविद्यालय हिसार में रक्षा अध्ययन विभाग में कार्यरत सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि मतदान करना मतदाता की जिम्मेदारी है जोकि लोकतंत्र के सबसे मजबूत स्तंभों में से एक है। इसलिए यह देश के सभी मतदाताओं का नैतिक कर्तव्य है कि वे आगे आएं और स्वेच्छा से इस कर्तव्य का पालन करें। उन्होंने कहा कि चुनाव में हम अपने मताधिकार का प्रयोग कर सरकार बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते है। इसलिए हम सभी मिलकर इस दिशा में कदम बढ़ाएं और एक उज्जवल राष्ट्र और सशक्त सरकार बनाने में मतदान कर अपना सहयोग दें। गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग में एमए मासकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा महक मलिक का कहना है कि वे पहली बार मतदान करेगीं। अपने वोट का प्रयोग करके वे चुनाव में सरकार बनाने में अपना योगदान देगीं। उन्होंने कहा कि अभी तक तो उन्होंने सुना ही है कि चुनाव में वोट डालकर ही सरकार बनती है और ऐसे में इस बार वह भी अपनी वोट डालकर सरकार बनाने में अपना योगदान देगीं। उन्होनें कहा कि वे अपने सभी साथियों और आस-पड़ौस लोगों को इसका महत्व बताए।

#### आह्वान किया

राजकीय महाविद्यालय आदमपुर के राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. राजीव वर्मा ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में लोकसभा चुनाव 25 मई को होने जा रहा है। लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने मत का प्रयोग करना चाहिए और अपने आसपास के सभी मतदाताओं को भी मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

#### वोट देना जरूरी

गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग में पीएचडी शोधार्थी सुभाष सैनी ने कहा कि सभी मतदाताओं को वोट जरूर डालनी चाहिए क्योंकि लोकतंत्र की नींव मताधिकार पर ही रखी जाती हैं। सही उम्मीदवार का चुनाव करने के लिए हमें वोट जरूर डालनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संविधान में हमें मत देने का अधिकार दिया हुआ है और हमें चुनाव में वोट डालकर अपने इस अधिकार का बखूबी प्रयोग अपनी समझ और विवेक के साथ करना चाहिए।

---

# गुरुद्वारे में मना बैसाखी समागम

- मेरे सतगुरु जी तुसी मेहर करो....

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

भाभड़ा सेवा ट्रस्ट की ओर से आयोजित बैसाखी समागम के तीसरे दिन दोपहर पूर्व डोगरान मोहल्ला स्थित भाभड़ा बिरादरी के गुरुद्वारा में अखंड पाठ का भोग डाला गया। गुरुद्वारा सभा के प्रधान गोबिंद बेदी ने बताया कि समागम के अंतिम दिन बीबी जसप्रीत कौर, पटियाला वाले ने शब्द कीर्तन प्रस्तुत किया। उन्होंने कीर्तन करते हुए मेरे सतगुरु जी तुसी मेहर करो.. .., जे तू ना फड़दा साड़ी बांह.. .., जेड़ा पानी उते पथरां नू तारदां.. .., कौन जाने गुण तेरे सतगुरु .. .., अखां थक गईयां तक-तक राह.. .., गाकर संगतों को निहाल कर दिया। समागम में हिसार लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे भाजपा प्रत्याशी रणजीत सिंह चौटाला, निवर्तमान मेयर गौतम सरदाना व समाजसेवी गुलजार सिंह काहलो ने गुरुघर में पहुंचकर माथा टेका। गुरुद्वारा ट्रस्ट की ओर से अतिथियों को शॉल व सिरोपा भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की समाप्ति पर अरदास के साथ लंगर चलाया गया। इस अवसर पर लोकेश असीजा, सुनील व अन्य मौजूद रहे।



हिसार। बैसाखी समागम को संबोधित करते निवर्तमान मेयर गौतम सरदाना।

---

# हरिसिंह सैनी का जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति

- हजारों युवाओं को हरिसिंह सैनी ने आर्य समाज से जोड़ा
- बीरेन्द्र, नवीन, रणजीत सहित अनेक ने दी दिवंगत नेता सैनी को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

आर्य समाज के नेता, नागोरी गेट आर्य समाज के प्रधान पूर्व मंत्री हरिसिंह सैनी की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन सीएवी स्कूल में किया गया। इसमें पूर्व केन्द्रीय मंत्री बीरेन्द्र सिंह, पूर्व सांसद नवीन जिंदल, हिसार से प्रत्याशी रणजीत सिंह सहित सैंकड़ों लोगों ने शामिल होकर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की। आर्य समाज के सर्वोच्च संगठन सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा नई दिल्ली के प्रधान स्वामी आर्यवेश ने कहा कि हरिसिंह सैनी एक आदर्श सामाजिक और राजनीतिक जीवन जी करके गए हैं। उनका निष्कलंक जीवन समाज के लिए प्रेरणादायक है और उनका जाना पूरे देश के लिए क्षति है। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने कहा कि हरिसिंह सैनी ने आर्य समाज के माध्यम से समाजसेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे प्रदेश के बड़े समाजसेवी और ऋषि दयानंद के सच्चे सिपाही थे। पूर्व सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि उनका स्व. श्री सैनी से 34 वर्षों का संबंध था। उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला। मंच संचालन दयानंद ब्रह्म महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रमोद योगार्थी ने किया। संगीता आर्य तथा कर्मवीर शास्त्री के भजन इस अवसर पर हुए।




हिसार। श्रद्धांजलि सभा में विचार रखते स्वामी आर्यवेश व उपस्थित अन्य आर्य समाज के संत। फोटो : हरिभूमि

#### समाज को जोड़ा

हिसार से भाजपा उम्मीदवार रणजीत चौटाला ने कहा कि 1987 की कैबिनेट में उनके साथ काम करने का अवसर मिला। वे एक निर्भीक नेता थे। सार्वदेशिक आर्य युवा परिषद के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी आदित्यवेश ने कहा कि आर्य समाज द्वारा चलाई गए युवा निर्माण अभियान में हरि सिंह सैनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही और उन्होंने हजारों नौजवानों को आर्य समाज से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

---

# सूने मकान से नकदी और जेवर चोरी, केस

- घर को ताला लगा जरुरी काम से गई थी दिल्ली, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

डडल पार्क स्थित विधवा के बंद मकान का ताला तोड़ कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवरात व हजारों रुपए की नगदी चुरा कर ले गए। वारदात के समय मकान मालकिन किसी जरुरी काम से दिल्ली गई हुई थी। दिल्ली से वापस घर लौटी तो घर में चोरी की वारदात के बारे में पता चला। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच आवास का निरीक्षण कर आवास मालकिन कमलेश की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। चोरों की पहचान के लिए पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया। पुलिस को दी शिकायत में डडल पार्क निवासी कमलेश ने बताया कि वह विधवा है और अपने घर में अकेली ही रहती है।



हांसी। खुली पड़ी अलमारी व कमरे में बिखरा पड़ा सामान। फोटो : हरिभूमि

---

# मुझे रास आ गया सर झुकाना...

- भजन गायक चित्र महाराज के भजनों पर झूमते रहे श्रद्धालु
- बिश्नोई मंदिर में राधा नाम संकीर्तन का दूसरा दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

श्री गौर हरि संकीर्तन मंडल द्वारा बिश्नोई मंदिर के प्रांगण में चल रहे तीन दिवसीय श्रीराधा नाम संकीर्तन के दूसरे दिन वृंदावन के रसिक पागल महाराज के शिष्य प्रसिद्ध भजन गायक चित्र महाराज ने अपनी चिर परिचित शैली में भजन गाकर लोगों को घंटे झूमने के लिए मजबूर कर दिया। उनके द्वारा गाए गए भजनों में मेरी विनती यही है राधा रानी कृपा बरसाए रखना..., मुझे रास आ गया है तेरे दर पे सर झुकाना..., मेरे जीवन की जुड़ गई डोर..., काली कमली वाले ने दिल लूट लिया..., काली कमली वाला मेरा यार है ..., वृंदावन जाउंगी सखी री वृंदावन जाऊंगी..., नाम मेरी राधा रानी का जिस जिस ने गया है..., हम हो गए राधा रानी के..., लगन तुमसे लगा बैठे जो होगा देखा जाएगा..., सांवरे को दिल में बसा कर तो देखो..., हरि नाम ले लो सहारा मिलेगा..., कब होगा तेरा दीदार कुछ तो बोलो सरकार..., हे करुणामयी राधे मुझे बस तेरा सहारा है..., आदि मुख्य रहे। अन्य लोगों ने भी भजन प्रस्तुत किए।




हिसार। बिश्नोई मंदिर में भजन गाते हुए प्रसिद्ध भजन गायकार चित्र महाराज। भजनों का आनंद लेते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

---

# उधार में शराब की बोतल न देने पर हमला, केस

- ठेके के गल्ले से 20 हजार व गाड़ी का शीशा तोड़ 3.70 लाख रुपए चुराकर ले गए हमलावर

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

गांव पीरांवाली में स्थित शराब के ठेके पर उधार में शराब की बोतल न देने पर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। शराब ठेकेदार ने आरोप लगाया कि हमलावर ठेकेदार की गाड़ी से तीन लाख 70 हजार रुपए व ठेके के गल्ले में करीब 20 हजार रुपए लूट कर ले गए। सूचना मिलने पर हांसी सदर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच घटनास्थल का निरीक्षण कर शराब ठेकेदार बड़सी निवासी सतपाल गुर्जर की शिकायत पर कमल यादव, सुमित यादव, गोल्डी, सुरेंद्र व 5-6 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में ठेकेदार सतपाल गुर्जर ने रविवार को कहा कि वह शराब ठेकेदार है। ढाणी पीरांवाली मेन रोड पर उसका शराब का ठेका है और रात करीब 10:40 बजे वह अपने ठेके पर मौजूद था। उसी समय कमल यादव, गोल्डी व एक अन्य लड़का ठेके पर शराब लेने आए। और कमल ने एक शराब की बोतल उधार में मांगी। लेकिन उसने उधार में शराब की बोतल देने से मना कर दिया।

---

# ऑटो चालक पर हमले के मामले में चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

एचटीएम पुलिस ने ऑटो चालक पर हमला कर छुरी से गंभीर चोटे मारने के मामले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इनमें क्रांति नगर निवासी समीर, नेताजी कॉलोनी निवासी रोहित, दीपक उर्फ दीपू और कुलदीप शामिल है।

एएसआई संदीप सिंह ने बताया कि इस संबंध में एचटीएम थाना में सूचना मिली थी कि योग नगर निवासी तरुण लडाई झगडा में लगी चोटों के कारण सरकारी अस्पताल में दाखिल है। सूचना पर सरकारी अस्पताल पहुंची पुलिस टीम को घायल तरुण ने शिकायत दी कि वह आटो चलाता है। शिकायत के अनुसार एक अप्रैल की शाम को वह नलका चौक की तरफ जा रहा थे कि पीछे से समीर, और रोहित ने आकर उस पर हमला कर दिया। समीर ने उसकी छाती पर चाकू से वार किया और रोहित ने उसके सिर पर लोहे की किसी चीज से वार किया। वहां पर लोगों के शोर मचाने पर वो दोनो जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। एएसआई संदीप सिंह ने बताया कि आरोपियों और शिकायतकर्ता का होली के दिन किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी और इन्होने 26 मार्च को शिकायतकर्ता को धमकी दी थी।

---

देवी भवन मंदिर में दूसरे दिन भी संत प्रवचन समागम जारी

# पवित्र जीवन को पवित्र व्यवहार, आहार विहार व विचार जरूरी

- महामंडलेश्वर श्री स्वामी विवेकानंद जी महाराज के कृपापात्र सोहं पीठाधीश्वर स्वामी सत्यानंद महाराज ने प्रवचन दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

अखिल भारतीय सोहम महामंडल शाखा हिसार के तत्वावधान में देवी भवन के नए प्रांगण में प्रारंभ हुए सात दिवसीय संत सम्मेलन के दूसरे दिन महामंडलेश्वर श्री स्वामी विवेकानंद जी महाराज के कृपापात्र सोहं पीठाधीश्वर स्वामी सत्यानंद महाराज ने प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि अपना अपना जीवन पवित्र बनाएं। पवित्र जीवन के लिए पवित्र व्यवहार, आहार विहार, विचार करने होंगे। उसके लिए प्रारम्भ से ही पवित्रता की नींव रखी जानी चाहिए, जिससे पवित्र संस्कार जागते हैं। इसके विपरीत संस्कार गलत हो जाते हैं तो जीवन भी कष्टमय और अशांत हो जाता है। "आचारहीनं न पुनन्ति वेदाः" अर्थात आचार रहित व्यक्ति को वेद भी पवित्र नहीं कर सकता। रावण, कंस दुर्योधन आदि निम्न संस्कारों के कारण निंदा के पात्र हुए।





हिसार। स्वामी सत्यानन्द जी महाराज श्रद्धालुओं को प्रवचनों के माध्यम से मंत्र मुग्ध करते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### भगवान श्रीराम आदर्श

स्वामी सत्यानंद महाराज ने कहा कि अवतारी पुरुष श्रीराम जी ने एक आदर्श प्रस्तुत किया है। चाहे उनका बचपन हो या युवावस्था उन्होंने समाज को शिक्षित किया है। उनसे सीखने की जरूरत है। माता, पिता, भाई, मित्र या शत्रु के साथ कैसा व्यवहार हो यह उन्होंने सिखाया है। प्रारंभ से ही संस्कार देना बच्चों को आवश्यक है। श्रीकृष्ण ने भी समाज को जागृत व सुधारने के लिए अत्यंत प्रयास किया था। संस्कारी बालक ध्रुव व प्रह्लाद जी भगवान के परमभक्त हुए हैं। उनसे नए बालकों को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

## खबर संक्षेप

### इनेलो जिलाध्यक्ष ने घोषित की जिला कार्यकारिणी

**सिरसा।** इनेलो के जिलाध्यक्ष कश्मीर सिंह करीवाला ने रविवार को जिला कार्यकारिणी घोषित की है। कार्यकारिणी में धर्मवीर नैन को कार्यकारी जिलाध्यक्ष, गंगाराम बजाज को शहरी जिलाध्यक्ष, डॉ. ओमप्रकाश को जिला कार्यालय प्रभारी, महावीर शर्मा को जिला प्रेस प्रवक्ता, हंसराज कंबोज व गिरधारी बिस्सु को वरिष्ठ उपप्रधान का दायित्व सौंपा गया है।

### हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा

**रानियां।** रामभक्त हनुमान के जन्मोत्सव पर रविवार को भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा गीता भवन से आरंभ हुई। जिसमें महिला एवं पुरुष श्रद्धालु 151 धर्म ध्वजा लेकर यात्रा मं शामिल हुए। शोभायात्रा गीता भवन से आरींझ होकर शहर के मैन बाजार, दीप प्लेस, बस स्टैंड, नकोडा बाजार, बीडीपीओ आफिस सहित विभिन्न बाजारों में होते हुए शाम को सालासर धाम मंदिर में पहुंचकर संपन्न हुई।

### 61 बोतल अवैध शराब सहित तीन काबू

**सिरसा।** डबवाली थाना पुलिस ने विशेष अभियान के तहत तीन युवकों को 61 बोतल अवैध शराब सहित काबू किया है। डबवाली थाना की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव कालांवाली में रेलवे फाटक के समीप मौजूद थी। इसी दौरान उन्हें बाइक पर दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने शक के आधार पर उन्हें रोककर उनकी तलाशी ली तो उनके कब्जे से 36 बोतल अवैध शराब बरामद हुई।

### अपेक्स स्कूल में तीन दिवसीय रेन डांस पार्टी आयोजित

**फतेहाबाद।** गर्मी के मौसम को देखते हुए अपेक्स पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय रेन डांस पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के बच्चों ने भाग लिया। यह आयोजन सभी छात्रों के लिए एक अद्वितीय और मनोहारी अनुभव साबित हुआ। मौसम गर्म और भीषण था, इस पार्टी ने सभी छात्रों को खुशी से भर दिया।

### ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल में मारी टक्कर, दो घायल

**फतेहाबाद।** गांव बिढ़ाईखेड़ा के पास एक ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल में टक्कर दे मारी। इस हादसे में बाईक सवार दो युवक घायल हो गए। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में गांव ललौदा निवासी राहुल ने कहा है कि गत दिवस वह अपने पड़ोसी प्रेम के साथ बाइक पर सवार होकर किसी काम से टोहाना आ रहा था। जैसे ही वे गांव बिढ़ाईखेड़ा में वॉटर वर्क्स के पास पहुंचे तो टोहाना की तरफ से आ रही एक ट्रैक्टर-ट्राली ने उनके मोटरसाइकिल में सीधी टक्कर दे मारी।

### राघव सुसाईड केस में आरोपियों की हो गिरफ्तारी

**फतेहाबाद।** भट्टू रोड स्थित सीमा संस्कार स्कूल के डायरेक्टर रहे एडवोकेट राघव बत्रा द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में मृतक की पत्नी द्वारा मृतक के मां-बाप, बहन व एक अन्य के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज करवाया है। आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर प्रधान प्रदीप बैनीवाल के नेतृत्व में डीएसपी जयपाल से मिला।

## आवक 3 लाख एमटी, उठान 81 हजार एमटी, सवा 2 लाख गेहूं खुले आसमान के नीचे

# रविवार को खरीद रही बंद, आवक हुई तेज, लिफ्टिंग धीमी होने से अटी मंडी

व्यापार मंडल ने उठान न होने पर चेतावनी दी है कि जल्द ही उठान में तेजी न लाई गई तो आढ़ती हड़ताल को मजबूर होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

फतेहाबाद की सभी अनाज मंडियों व खरीद केन्द्रों पर शनिवार शाम तक 3 लाख 2 हजार एमटी गेहूं की आवक हो चुकी है। इनमें से विभिन्न खरीद एजेंसियों ने 2 लाख 63 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है। बड़ी बात यह है कि इनमें से मात्र 81 हजार एमटी की ही लिफ्टिंग हो पाई है। करीब सवा 2 लाख एमटी गेहूं खुले आसमान के नीचे पड़ी हुई है। हालांकि प्रशासन इस बात को नकारता है कि खरीद में ढिलाई हो रही है। इस बीच व्यापार मंडल ने उठान न होने पर चेतावनी दी है कि जल्द ही उठान में तेजी न लाई गई तो आढ़ती हड़ताल को मजबूर होंगे। बता दें कि खरीद एजेंसियों ने लिफ्टिंग तेज करने के नाम पर रविवार को खरीद तो बंद रखी लेकिन गेहूं की आवक जारी रही। ऐसे में मण्डी गेहूं की ढेरियों से अटी पड़ी है। इस बार बार-बार मौसम में हो रहे बदलाव के चलते गेहूं मण्डियों में लेट आनी शुरू हुई लेकिन जब गेहूं की मंडियों में आवक हुई तब इसकी रफ्तार ने पूरी गति पकड़ ली। जिले की 7 अनाज मण्डियां व 45 खरीद केन्द्र गेहूं से अटे हुए हैं। बीते वर्ष कुल 6 लाख 14 हजार 656 एमटी गेहूं की आवक हुई थी। रविवार शाम तक 3 लाख एमटी से अधिक गेहूं मण्डियों में पहुंच चुका है। खेतों में अभी 50 फीसदी गेहूं की फसल अभी शेष पड़ी है जबकि खरीद 2 लाख 63 हजार एमटी की हुई है। इसमें से उठान मात्र 81 हजार 191 एमटी का ही हुआ है, जिस कारण मण्डियां गेहूं से अटी पड़ी है। बार-बार बदलते मौसम से किसानों और आढ़तियों की सांसे थम जाती है। हर कोई चाहता है कि उसकी गेहूं की जल्द तुलाई हो और वह एजेंसी के गोदाम तक पहुंच जाए।



**फतेहाबाद।** गेहूं से अटी फतेहाबाद की मण्डी।

### आढ़ती बोले : ठेकेदार के पास न वाहन है और न ही लेबर

फतेहाबाद अनाज मंडी में भारी मात्रा में गेहूं की आवक होने के कारण पूरी मंडी गेहूं से अटी पड़ी है, मगर खरीद एजेंसियों का रवैया काफी सुस्त दिखाई पड़ रहा है। व्यापार मंडल अनाजमंडी के प्रधान जगदीश भादू ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि खरीद एजेंसियों द्वारा बहुत ही धीमी गति से गेहूं का ही उठान किया जा रहा। किसान व आढ़ती परेशान हैं। अनाज

## अनाजमंडी में गेहूं खरीद रही बंद, केवल उठान पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सिरसा अनाजमंडी में रोजाना लगभग 3 लाख क्विंटल से अधिक गेहूं लेकर किसान पहुंच रहे हैं। खरीद एजेंसियां गेहूं की खरीद भी कर रही हैं, लेकिन उठान में दिक्कत आ रही है। गेहूं का उठान न होने से सिरसा मंडी में गेहूं की बोरियों के ढेर लग गए हैं। इसे देखते हुए प्रदेश के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने गत दिवस आदेश दिया था कि रविवार को सभी मंडियों में गेहूं की खरीद बंद रहेगी। सिर्फ खरीदे गए गेहूं का उठान किया जाएगा। मुख्य सचिव के आदेशानुसार आज सिरसा मंडी में गेहूं की खरीद के लिए कोई टॉकन नहीं काटा गया। हालांकि कुछ किसान गेहूं लेकर पहुंचे लेकिन आज खरीद नहीं हुई। गेहूं खरीद में जुटी एजेंसियों द्वारा आज बोरियों में भरे हुए गेहूं का उठान करवाया जा रहा है। गत दिवस मुख्य सचिव ने साफ शब्दों में कहा था कि उठान ठेकेदार 24 घंटे में 50 प्रतिशत गेहूं का उठान सुनिश्चित करे अन्यथा ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी प्रावधान किया है कि यदि कोई आढ़ती अपने वाहनों से गेहूं का उठान करवाता है तो नियमानुसार उसे वाहनों का किराया दिया जाएगा। सिरसा आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान मनोहर मेहता ने कहा कि सिरसा मंडी में गेहूं का उठान सही तरीके से नहीं हो रहा है।



**सिरसा।** गेहूं की बोरियों से अटी सिरसा की अनाज मंडी।

### किसानों को नहीं मिल रहा गेहूं का भुगतान

प्रधान मनोहर मेहता ने कहा कि सरकार ने आदेश दिया हुआ है कि गेहूं खरीद के 72 घंटे के अंदर किसानों को उनकी पेमेंट खातों में डाली जाए, मगर हकीकत में ऐसा नहीं हो रहा है। उन्होंने बताया कि किसान अपनी फसल बेचकर चला जाता है। नियमानुसार जब तक बेची गई फसल का उठान नहीं हो जाता तब तक किसानों को उसका भुगतान नहीं किया जा सकता। अब मंडी में गेहूं बिक्री के बाद दो-तीन दिन तक पड़ा रहता है। ऐसे में किसानों को 72 घंटे के अंदर पेमेंट नहीं मिल पाती है।

## धन्नाजी के दिखाए मार्ग पर चलकर करेंगे सामाजिक समानता के लिए काम



**सिरसा।** भगत धन्नाजी जयंती पर उपस्थितजनों कोसंबोधित करते राजेंद्र कड़वासरा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

जाट धर्मशाला में शिरोमणि भगत धन्नाजी जागृति मंच के बैनर तले रविवार को भगत धन्नाजी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भगत धन्नाजी के चित्र के समक्ष दीप प्र'जवलित करके व पुष्प अर्पित करके किया गया। सर्वप्रथम भारतीय जाट विकास मंच के महासचिव हनुमान गोदारा ने सभी का स्वागत किया। इसके बाद धन्नाजी के जीवन और उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर गुरमुख सिंह ने विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शिरोमणि भगत धन्ना जी जागृति मंच के अध्यक्ष अमरीक सिंह राही ने कहा कि मंच के गठन का मकसद धन्ना जी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने के लिए लोगों को प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि जिले में धन्नाजी के नाम पर गुरुद्वारे का निर्माण करवाया जाएगा। जिस पर सभी ने समर्थन किया और हर प्रकार के सहयोग के लिए आश्वासन दिया। भारतीय जाट विकास मंच के प्रधान डॉ. राजेंद्र कड़वासरा ने कहा कि शिरोमणि भगत धन्ना जी के दिखाए गए सामाजिक समानता को बढ़ावा देने के लिए मंच के माध्यम से कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि समाज में फैली कुरीतियों को मिटाने के लिए शिरोमणि भगत धन्नाजी जागृति मंच की तरफ से जागरूकता कार्यक्रम किए जाएंगे। इसी कड़ी में आने वाले दिनों में एक बड़ा कार्यक्रम किया जाएगा ताकि लोगों में अच्छा संदेश जा सके। मंच संचालन महेंद्र घणघस ने किया। कार्यक्रम के समापन पर लेक्चरर रवि शर्मा ने सभी का आभार प्रकट किया। इसके बाद आगामी कार्यक्रमों के आयोजनों व गतिविधियों के लिए मंच की 21 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर लखविंद्र सिंह धालीवाल, जसवीर सिंह चहल, शीशपाल झोरड़, राकेश सिहाग, विनोद नागर, विनोद सहारण, राज मटू, राजेश चिंडालिया, रामकिशन खोथ, विक्रम इंदोरा, रोहताश बैनीवाल, राजपाल कड़वासरा, राजकुमार मेहरिया, कुलदीप शीलू, सुभाष बैनीवाल, बलवीर भांभू, सरपंच गुरचरण सिंह, डॉ. रेशम सिंह, डॉ. मनजीत सिंह, शिंगारा सिंह, लखविंद्र खिंडा, पाठी सुखविंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

## जैन समाज ने मनाई महावीर जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

रविवार को जैन समाज द्वारा महावीर जयंती हर्षाेल्लास से मनाई गई। इस अवसर पर जैन समाज के लोगों ने जहां महावीर जयंती के उपलक्ष्य में प्रभात फेरी निकाली और जैन धर्म का झंडा फहराया वहीं जैन स्थानक में महावीर स्वामी की जीवनी पर नाटक का भी मंचन किया गया। प्रभात फेरी में जैन सभा के प्रधान संजू जिंदल, पूर्व प्रधान अनिल जैन, राजेंद्र मित्तल, मोहन जैन, राजेश जैन, चंद्र जैन, सुरेंद्र जैन, अश्विनी जैन, डिंपल जैन, अनीता जिंदल, अंजलि जिंदल काफी संख्या में महिलाएं भी मौजूद थी। सर्वप्रथम जैन समाज के लोगों ने पुराना बाजार में स्थित जैन स्थानक में जैन धर्म का झंडा फहराया उसके बाद लोगों द्वारा पुराना बाजार में बाजार टोहाना रोड मंडी रोड पर प्रभात फेरी निकाली गई और जैन धर्म के नारों से आकाश को गुंजायमान कर दिया गया। इसके बाद प्रभात फेरी नई जैन स्थानक में पहुंची जहां पर विराजमान जैन साध्वियों के दर्शन किए गए एवं उनसे मंगल आशीर्वाद लिया गया। इस दौरान भंडारे की व्यवस्था प्रधान संजू जिंदल द्वारा की गई थी। बाद में जैन समाज के बच्चों ने महावीर स्वामी के जीवन परिचय से संबंधित विभिन्न नाटकों का मंचन भी किया जिन्हें काफी सराहा गया। इस अवसर पर रतिया के अलावा आसपास के शहरों से भी काफी श्रद्धालुओं ने भाग लिया।



**रतिया।** झंडा फहराते हुए जैन समाज के श्रद्धालु।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**सिरसा।** जिला के गांव तारूआना के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस को दिए बयान में गांव दादू निवासी शलैंद्र राम ने बताया कि उसके पिता भूराराम आटा चक्की रिपेयरिंग कार्य करते हैं। बीते दिवस उसके पिता राजस्थान में रिपेयरिंग के कार्य हेतु गए थे। 20 अप्रैल की रात्रि करीब 11 बजे जब उसके पिता मोटरसाइकिल पर सवार होकर वापस लौट रहे थे तो गांव तारूआना के समीप अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मा दी। उन्हें किसी ने सूचना दी कि उसके पिता भूराराम तारूआना के समीप सड़क पर घायल अवस्था में पड़े हैं। जिसके बाद जब वे मौके पर पहुंचे तो उन्हें पता चला कि उसके पिता को एंबुलेंस द्वारा कालांवाली के सरकारी अस्पताल में भेजा गया है।

## युवक पर बलात्कार और अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल का आरोप, केस दर्ज

- पीड़िता ने कहा है कि वह 2020 में रतिया मे जेबीटी का कोर्स करती थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

रतिया में एक युवती ने युवक पर उसके साथ बलात्कार करने और अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। इस मामले में पीड़िता ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में रतिया निवासी पीड़िता ने कहा है कि वह 2020 में रतिया मे जेबीटी का कोर्स करती थी। वह कॉलेज जाने के लिए सुबह घर से निकली और संजय गांधी चौक पर खड़ी थी। इसी दौरान मनजीत सैनी, रति अपने दोस्त सूर्य निवासी टोहाना रोड, चुंगी रतिया के साथ कार लेकर आया। वह सूर्य को जानती थी। मनजीत ने उससे कहा कि वह उससे प्यार करता है और उसे कॉलेज छोड़ देगा। जब उसने मना किया तो मनजीत ने परेशान करने और जान से मारने की धमकी दी। डर के चलते वह कार में बैठ गई। इसके बाद दोनों उसे कालेज से आगे ले गए। वहां मनजीत ने उसके साथ जबरदस्ती करते हुए अपने मोबाइल फोन से उसके फोटो ले लिए। इसके बाद दोनों से कॉलेज के नजदीक उतारकर चले गए। उसके बाद से वह डरी रही और बेइज्जती से डर से किसी को कुछ नहीं बताया। इसके बाद वह टीचिंग प्रैक्टिस के लिए एक गांव के सरकारी स्कूल में लग गई। इस पर मनजीत अपने साथी गुरप्रीत सिंह निवासी वार्ड नं. 6 रतिया के साथ आया लेकिन उसने जाने से मना कर दिया। दो दिन मनजीत फिर अपने साथ बागी के साथ आया और कार में खींचे फोटो वायर कर बदनाम करने की धमकी दी। इस पर वह उनके साथ स्कूटी पर सवार हो गई। दोनों उसे नए बस स्टैंड के साथ एक होटल में ले गए। वहां मनजीत ने उसके साथ बलात्कार किया और उसकी अश्लील वीडियो भी बना ली।

## क्यूआर कोड से पैसे निकाल कर धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

क्यूआर कोड के जरिए ऑनलाइन धोखाधड़ी करने के एक मामले में कार्रवाई करते हुए सदर थाना टोहाना के अंतर्गत आने वाली कुलां पुलिस चौकी ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। चौकी इंचार्ज एसआई भान सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपी को काबू किया है। मिली जानकारी के मुताबिक भीमसेन निवासी जमालपुर शेखा ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी। उसने कहा था कि एक युवक मोटर साइकिल पर सवार होकर गांव अकांवाली स्थित उसके ग्राहक सेवा केंद्र पर आया। आरोपी ने उससे कहा कि उसने अपने खाते में पैसे ट्रांसफर करने है। आप मुझे नकद पैसे दे देना। भीमसैन ने कहा कि इस पर उसने अपने खाते का क्यूआर कोड स्कैन करवा दिया। क्यूआर कोड स्कैन होते ही उसके खाते से 15 हजार हजार रुपए निकल गए। जब उपरोक्त आरोपी से दुकान वाले ने पैसे वापिस मांगे तो धमकी देते हुए युवक वहां से भाग गया। इस पर पीड़ित ने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी। आरोपी काफी बार पुलिस को चकमा देने में कामयाब रहा। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी को आखिरकार दबोचने में कामयाबी हासिल की है।

## डॉ. मनु को बार एस. ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रानियां

यू.पी.एस.सी. की परीक्षा में 434वां रैंक हासिल करने वाली जिला के गांव छतरियां निवासी डॉ. मनु भोभरिया अपने परिवार सहित रानियां में अपने ननिहाल गुरदेव सिंह किरोडीवाल के घर पहुंची। इस दौरान परिवार के सदस्यों सहित कई संगठनों ने उनको सम्मनित किया। डॉ. मनु ने परिजनों के साथ गुरुघर में माथा टेका और आशीर्वाद लिया। वहीं बार एसोसिएशन रानियां के सदस्यों ने बार के प्रधान रिंकल बांगा के साथ डॉ. मनु भोभरिया को शॉल भेंट कर व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस दौरान उनके साथ पूर्व उपप्रधान राजन कालड़ा एडवाकेट, गोविंद किशन एडवोकेट, नरेश जैन एडवोकेट व अन्य सदस्यगण मौजूद रहे। डॉ. मनु भोभरिया ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित अध्ययन व कड़ी मेहनत और माता पिता के आशीर्वाद को दिया। उन्होंने कहा कि उन्होंने चंडीगढ़ में चिकित्सक के तौर पर कार्यरत होने के साथ-साथ अपनी शिक्षा को जारी रखा जिसके कारण उन्होंने यू.पी.एस.सी में 434वां रैंक हासिल किया। इस दौरान प्रेस क्लब रानियां के सदस्यों ने क्लब के संरक्षक संजय सिंगला के नेतृत्व में डॉ. मनु भोभरिया को शॉल भेंटकर सम्मानित किया। इससे पूर्व ब्राइट फ्यूचर आईलेट्स सेंटर में पहुचंने पर डॉ. मनु का स्वागत किया गया। इस अवसर पर डॉ. मनु के पिता देवीलाल, संजय सिंगला, राजेंद्र गाबा, नरेश जैन, अमनदीप बंसल, संदीप मितल, बिंद्र सिंह किरोडीवाल, काका सिंह, मनोज वालिया, पाला सिंह प्रधान, राणा चीमा आदि थे।



**सिरसा।** मनु भोभरिया को सम्मानित करते बार एसोसिएशन के सदस्य।

### फसल की लिफ्टिंग और अनलोडिंग में न हो कोताहीः उपायुक्त

**सिरसा।** उपायुक्त आर के सिंह ने गेहूं उठान को लेकर अधिकारियों की बैठक ली और उठान कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इससे पूर्व प्रधान सचिव विजयेंद्र कुमार ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक ली और गेहूं खरीद कार्य की जानकारी ली। उपायुक्त ने कहा कि मंडियों से उठान का कार्य तेज गति से होना चाहिए, ताकि मंडियों में फसल लेकर आने वाले किसानों को भी पर्याप्त जगह मिले और उन्हें अपनी फसल बेचने में कोई परेशानी न हो। सभी खरीद एजेंसियां यह सुनिश्चित करें कि जिला की सभी मंडियों व खरीद केंद्रों में प्रतिदिन फसल की खरीद के साथ-साथ उसका उठान भी साथ-साथ अवश्य करें। फसल की आवक के बराबर मात्रा में उठान भी सुनिश्चित किया जाएगा तो मंडियों व खरीद केंद्रों पर कोई दिक्कत नहीं रहेगी।

- मंडियों से उठान तेज हो, ताकि फसल लाने वाले किसानों को भी पर्याप्त जगह मिले

## शेखुपुर दड़ौली में शराब बेचते एक गिरफ्तार

- ज्यादा मात्रा में शराब बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भट्टूकलां

भट्टूकलां पुलिस ने गश्त के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर गांव शेखुपुर दड़ौली में शराब बेचते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से भारी मात्रा में देसी शराब, अंग्रेजी शराब व बीयर बरामद की है। मिली जानकारी के अनुसार भट्टूकलां पुलिस की टीम एएसआई प्रदीप कुमार के नेतृत्व में गश्त के दौरान गांव शेखुपुर दड़ौली से गांव चबरवाल की तरफ जा रही थी। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि अनिल निवासी चबरवाल गांव शेखुपुर दड़ौली में चबरवाल रोड स्थित निजी स्कूल के पास शराब बेच रहा है। इस सूचना पर पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची तो देखा कि एक व्यक्ति वहीं प्लास्टिक कट्टा लिए बैठा था और शराब बेच रहा था। उक्त व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर घबरा गया और भागने लगा। पुलिस कर्मचारियों ने उसका पीछा कर उसे कुछ ही दूरी पर काबू कर लिया। पुलिस ने जब उससे पूछताछ की तो उसने अपना नाम अनिल चबरवाल बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो एक प्लास्टिक कट्टे में से 35 बोतल शराब, 5 अध्धे व 31 पव्वे शराब देसी शराब व दूसरे कट्टे से 18 बोतल, 18 अध्धे, 25 पव्वे शराब के अलावा 18 बोतल अंग्रेजी शराब व 6 बोतल बीयर बरामद हुई।

### ट्यूब्वैल से सामान चोरी, खेत पड़ोसी पर केस दर्ज

**फतेहाबाद।** भूना में फतेहाबाद रोड स्थित खेत में लगे ट्यूब्वैल से हजारों का सामान चोरी हो गया। किसान ने अपने खेत पड़ोसी पर सामान चोरी करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नं. 6 भूना निवासी नरेश कुमार ने कहा है कि उसका फतेहाबाद रोड पर चौधरी होटल के पास खेत है। गत दिवस वह अपने खेत में पानी लगाकर आया था। अब जब तक खेत में गया तो उसने देखा कि खेत में लगे ट्यूब्वैल से काफी सामान चोरी हो गया था। इस पर जब उसने अपने स्तर पर आसपास पता किया तो उसे पता चला कि उसके ट्यूब्वैल से सामान की चोरी उसके खेत पड़ोसी अजीत कुमार ने की है।

## भारतीय मजदूर संघ की बैठक में श्रमिकों की समस्याओं को पर हुई चर्चा

# शत प्रतिशत मतदान को लेकर चलाएगा जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

भारतीय मजदूर संघ फतेहाबाद जिला कार्यकारिणी की बैठक पुराने बस स्टैंड के पास स्थित पंडित दीन दयाल उपाध्याय पार्क में हुई। बैठक की अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ के जिला प्रधान सतबीर शर्मा ने की व संचालन जिला मंत्री अमित शर्मा द्वारा किया गया। बैठक में संगठन से जुड़े मुख्य मुद्दों और सभी कर्मचारियों, श्रमिकों की समस्याओं को लेकर चर्चा हुई और आगे की रूपरेखा तैयार की गई। इसके अलावा बैठक में आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर चर्चा की गई और लोगों से लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़चढ़ कर भाग लेने और अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई। बैठक का मुख्य विषय 'लोकमत का परिष्कार' रहा। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रधान सतबीर शर्मा ने कहा कि यह दुर्भाग्य है कि देश का लोकमत ज्ञान के अभाव में प्रदूषित है। मतदाता आज भी परिष्कृत नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि जातिवाद, वंशवाद, सम्प्रदायवाद, व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर राष्ट्रवाद सवार्ेपरि है। इसी भाव से देशहित में लोग मतदान के लिए आगे आए और 100 प्रतिशत मतदान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि बैठक में निर्णय लिया गया कि भारतीय मजदूर संघ की ब्लॉक स्तरीय इकाईयां मतदान को लेकर लोगों को जागरूक करने का काम करेंगी। 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को घर बैठे बैलेट पेर से मतदान करने बारे अवगत करवाया जाएगा ताकि राष्ट्रहित में मतदान शत प्रतिशत हो सके। बैठक में स्वास्थ्य कर्मचारी संघ से विपिन शर्मा, जलकर्मी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष बलजिन्द्र सिंह, वित्तीय संस्थान ठेका कर्मचारी संघ की सचिव बनारसी दास, संदीप, निशांत, इन्द्रप्रीत, कीर्ति, शिव कुमार, सुरेश के अलावा भारतीय मजदूर संघ से संबंधित लगभग सभी संगठनों के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** बैठक में भाग लेते भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारी।